डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक- 02, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



## एक नजर


### पंसा में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 21 से



**मोहम्मदगंज।** पंसा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह व सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यह महायज्ञ भारत के महान मनीषी संत परम पूज्य श्री स्वामी जी महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में 21 से 26 अक्टूबर तक होगा। इसके तहत 19 अक्टूबर से भागवत कथा प्रारंभ हो जाएगी। 21 को जलयात्रा सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। 22 को महायज्ञ के शुभारंभ के साथ स्वामी जी के मुखारविंद से कथा एवं प्रवचन प्रतिदिन होगा। 26 को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। भंडारा भी होगा उन्होंने धर्मप्रेमियों से इस महायज्ञ में शामिल होने कर पुण्य प्राप्त करने आग्रह किया है।

# मुख्य पथ पर नाग बाबा मंदिर से सोनबरसा मोड़ के बीच बढ़ रही दुर्घटनाएं

**स्पीड ब्रेकर और गति सीमा संकेतक की कमी से बनी स्थिति गंभीर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ पर नाग बाबा मंदिर से सोनबरसा मोड़ के बीच दुर्घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे यह क्षेत्र डेंजर जोन बनता जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में इस सड़क पर दर्जनाधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इन दुर्घटनाओं का सिलसिला थमना मुश्किल होगा।

मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के बाद अंतर-प्रांतीय वाहनों की आवाजाही में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। साथ ही, माली रेलवे फाटक पर ओवर या अंडर ब्रिज न होने के कारण फाटक बंद होने पर वाहनों के चालक जल्दबाजी में दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस क्षेत्र में गति सीमा संकेतक लगाए जाएं, स्पीड ब्रेकर बनें और रेलवे फाटक पर ओवर या अंडर ब्रिज का निर्माण जल्द से जल्द हो, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## अशोक धम्म विजय दिवस के रूप में मनाया गया

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तरवन कला गांव में सम्राट अशोक क्लब शाखा झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में अशोक धम्म विजय दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिहरगंज-हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने अशोक धम्म विजय दिवस मनाते हुए कहा कि सम्राट अशोक के कलिंग युद्ध में विजय होने के दसवें दिन तक मनाए जाने की वजह से इसे अशोक विजय दशमी कहते हैं। क्लब के अध्यक्ष सरजू मेहता ने बताया कि इसी दिन सम्राट अशोक ने बौद्ध धम्म की दीक्षा ली थी। पूर्व विधायक ने तरवन कला में बुद्ध विहार के निर्माण कार्य को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। मौके पर सचिव रविंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष अनिल मेहता, उपाध्यक्ष डोमन मेहता, लालदेव मेहता, समाजसेवी उदय भारती, चितरंजन भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### विद्युत ट्रांसफार्मर जला, लोग अंधेरे में जीने को मजबूर



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत चंदा गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर बीते एक महीने पहले जल गया है, जिसके कारण रात को अंधेरे में लोगों को रहना पड़ रहा है। रात को अंधेरा पसरा रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों को खेतों की पटवन, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में परेशानी हो रही है। अंधेरे में सांप-बिच्छू समेत अन्य विषैले जंतुओं को डंसने का लोगों में भय व्याप्त है। इसे लेकर चंदा गांव के लोगों में बिजली विभाग के कर्मियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। हरिहरगंज प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान ने सोमवार को बताया कि चंदा गांव में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर बीते एक महीने पहले जल गया है, लेकिन अभी तक बिजली विभाग के कोई कर्मी सुध लेने नहीं आया. मौके पर उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान के साथ लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द नए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है. मांग करने वालों में अवधेश कुमार मेहता, अनुज मेहता, प्रदीप ठाकुर, विजय मेहता, उपेंद्र पासवान, अजय मेहता, रामजन्म मेहता, दिनेश मेहता, उपेंद्र मेहता, अमित पासवान, अभिषेक कुमार मेहता आदि का नाम शामिल है।

### आसेहार में दुर्गा पूजा मेला का उद्घाटन



**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार में आयोजित दुर्गा पूजा मेला का उद्घाटन इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र बना। मुख्य अतिथि समाज सेवी कुशवाहा विनोद सिन्हा व आसेहार मुखिया देवसागर राम ने पारंपरिक लाठी खेल व प्रदर्शन कर मेले का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह के दौरान दोनों अतिथियों ने दुर्गा पूजा कमेटियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मेला में भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति देखी गई। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता और समर्पण का प्रतीक भी रहा। मौके पर कौशल किशोर बच्चन, विकेश साव, लड्डू राज,नवीन कुमार,गणेश प्रजापति,अजय कुमार, बिक्कू कुमार,अखलेश कुमार,सनी कुमार,सोनू वर्मा,सुजीत कुमार वर्मा,अमरेश यादव, आदर्श सिंह, अक्षय कुमार वर्मा के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों से मिले झामुमो नेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड के रुदवा गांव में सड़क दुर्घटना में मृतक एतवरिया कुंवर, गौतम कुमार के परिजनों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र राम ने मिलकर सांत्वना दिया। मौके पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्यों का गुजर जाना बहुत ही दुःखद है। इस दुःख की घड़ी में पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार उनके साथ है। सरकारी प्रावधान के अनुसार हर संभव सहयोग किया जाएगा। उनके आवास के जर्जर स्थिति को देखते हुए आवास को-ऑर्डिनेटर संतन कुमार को तत्काल आवास स्वीकृत करते हुए कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया। साथ ही उनका नाम अबुआ आवास की सूची में नहीं है तो फिर किन लोगों का नाम सूची में शामिल किया जा रहा है यह भी है जांच का विषय है। सरकार की योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति शिकायत करते हुए कहा कि घायलों को ऑक्सीजन आदि संबंधित सुविधा प्रदान नही की जा रही है। जिस पर चन्दन प्रकाश सिन्हा ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल को फोन आदेश निर्गत करने का निर्देश दिया कि किसी भी हालत में स्वास्थ्य संबंधित शिकायत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार सभी घायलों को निश्चित रूप से ऑक्सीजन व अन्य सुविधाएं दी जाए। रविंद्र राम ने कहा की मृतक के परिजनों का आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। प्रशासन को तत्काल सुविधा प्रदान करनी चाहिए, ताकि जीवन यापन में कठिनाई नहीं हो। मौके पर शनि कुमार, उदय कुमार, रंजीत कुमार, नंदू कुमार, उमेश कुमार, शिवनाथ सुरीला, नागेश राम, अरुण कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# समर्थन मिला तो विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे : कर्नल संजय सिंह

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का कर्नल ब्रिगेड ने किया उद्घाटन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के ग्राम कुसुआ टोला कोईरियाडीह एवं गरेड़ियाडीह में दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, देवरी ओपी प्रभारी बबलु कुमार तथा पंसस अजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। मौके पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस गांव के लोगों का सहयोग व समर्थन मिला तो विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। विधानसभा के विभिन्न गांवों में हमेशा विकास कार्य कराने का प्रयास जारी हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेता रहता हूं। उद्घाटन के उपरांत कर्नल संजय सिंह ने मां दुर्गा के दरबार में माथा टेका और क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि व शांति के साथ अमन चैन के लिए लोगों में सद्बुद्धि व ज्ञान के लिए प्रार्थना की। कहा कि मां दुर्गा शक्ति की देवी हैं। दशहरा असत्य पर जीत का प्रतीक है। लोक नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए सामाजिक समरसता को बल मिलता है। तथा प्रतिस्पर्धा से मेधा और क्षमता का विकास होता है। इस दौरान कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से संतोष मेहता, कृष्णा मेहता, भीम प्रजापति, नंदलाल मेहता, धर्मेन्द्र मेहता, संजय मेहता, सोनू मेहता, बद्रीनारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह, रविरंजन सिंह, विंध्याचल सिंह, गणेश प्रजापति, सहित युवा बाल संघ कमेटी के सभी सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# क्षेत्र भ्रमण कर कार्यकर्ताओं को सम्मेलन की जानकारी देना है : डॉ. एम तौसीफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसभा के आयोजन पर विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. एम तौसीफ ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हैदरनगर हाईस्कूल के मैदान में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। डॉ. तौसीफ ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सम्मेलन की तैयारी के लिए उन्हें प्रदेश नेताओं को रुपरेखा सौंपनी होगी। इसके साथ ही क्षेत्र के सभी गांवों में भ्रमण कर लोगों को सम्मेलन की जानकारी देने के लिए कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से सक्रिय रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कार्यक्रम की तिथि और समय की घोषणा प्रदेश नेताओं की स्वीकृति के बाद की जाएगी। बैठक में हुसैनाबाद और मोहम्मदगंज के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह और नदीम खान, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जगदीश राम, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव महताब सिद्दीकी, सोशल मीडिया प्रभारी मुजीब खान सहित कई अन्य सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। डंडिला खुर्द सहित रेहला क्षेत्र के ज्यादातर पंडालों का प्रतिमा 12 अक्तूबर दसवीं को ही रेहला कोयल नदी में विसर्जित किया गया। वहीं विश्रामपुर नप मुख्यालय में वर्षो से चली आ रही राज परंपरा के अनुसार 13 अक्तूबर एकादसा को प्रतिमा विसर्जित किया गया। दशहरा के दिन कई पूजा कमेटियों ने गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। विश्रामपुर गढ़ मोहल्ला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व संचालन युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। समारोह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले,पार्षद पूनम देवी, सुनील कुमार चौधरी, शमशेर आलम, श्याम चंद्रवंशी, इदरीश हवारी, यदुनी राम, हरी शंकर सिंह, इसरार अंसारी सहित कई गणमान्य लोगों, स्थानीय पत्रकारों व प्रशासनिक पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा आदर्श कला केंद्र कमेटी ने भी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। क्षेत्र के कई पूजा पंडालों द्वारा दशहरा के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## निवर्तमान एसडीपीओ का विदाई सह सम्मान समारोह

# स्थानांतरण कार्यकाल का अहम हिस्सा है : मुकेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के निवर्तमान एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन अनुमंडल पुलिस कार्यालय परिसर में किया गया। अध्यक्षता एलआरडीसी गोरांग महतो ने व संचालन हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव व हैदरननगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान हुसैनाबाद अनुमंडल के एलआरडीसी गोरांग महतो अंचल पुलिक निरीक्षक सुरेश मंडल, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी. दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, महुदंड पिकेट प्रभारी,लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर यादव एसडीपीओ रीडर शेखर कुमार ने बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उपहार भेंट किया। मौके पर एलआरडीसी गोरांग महतो ने कहा कि निवर्तमान एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। उन्होंने अपने आठ माह के कार्यकाल में क्षेत्र में कई बड़े सराहनीय कार्य किए। मौके पर पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने कहा कि एसडीपीओ के साथ यहां उन्हें काफी कम समय कार्य करने का मौका मिला, लेकिन उनके साथ गिरिडीह में बहुत दिनों तक साथ रहकर उनसे कुछ सीखने का मौका मिला। थाना प्रभारी संजय यादव ने उनके कार्य काल की उपलब्धियां की चर्चा करते हुऐ कहा कि अनुमंडल थाना क्षेत्र कई ऐसी घटनाएं घटित हुई, जिसे सहजतापूर्ण तरीके से सुलझाने का काम किया। निवर्तमान एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के लोग काफी मिलनसार और पुलिस प्रशासन को सहयोग करते है। स्थानांतरण कार्यकाल का अहम हिस्सा होता है, जिसे पूरा करना होता है। अनुमंडल थाना क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने अपने कार्य के प्रति काफी एक्टिव हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जिला में पूर्व में भी काम करने का मौका मिला हैं। पुलिस प्रशासन के साथ मीडिया बंधुओं का भी भरपूर सहयोग मिला है। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस प्रशासन के लोगों ने कहा कि एसडीपीओ का कार्यकाल व उनके साथ काम करने का पल काफी यादगार रहेगा। लोगों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके एएसआई अखिलेश यादव, चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद हुसैन व अनुमंडल पुलिस कार्यालय और थाना के कई पुलिसकर्मी के अलावा राजू विश्वकर्मा, कमलेश मेहता, पत्रकार संजय ओझा, सतेंद्र चंदेल,जितेंद्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, जफर हुसैन, गौतम पटेल, धनंजय कुमार गुप्ता, जितेंद्र रावत, अखिलेश पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# काली मंदिर के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं में खुशी, कार्य प्रगति पर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे परिसर के प्राचीन काली मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। 4 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद इस कार्य को कराए जाने से श्रद्धालुओं में काफी खुशी देखने को मिल रही है। श्रद्धालु जगत लाल, रामप्रकाश और रामजन्म राम ने सौंदर्यीकरण कार्य का मुआयना करने के बाद खुशी का इजहार करते हुए इसके लिए डीआरएम और आरवीएनएल के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत इस स्टेशन के नए प्लेटफॉर्म व आधुनिक तकनीक से लैस भवन निर्माण की वजह से मंदिर और शिव चबूतरा प्रभावित हो गया था। मिट्टी की भराई से लोगों को खासकर, बरसात में फिसलन भरे जगह से होकर पूजा-अर्चना करने में काफी परेशानी होती थी। इसे देखते हुए डीआरएम से इन धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की गुहार लगाई गई थी। जिनके निर्देश पर 4 साल बाद इसके कार्य को पूरा किया जा रहा है। इससे इन धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने के साथ ही आकर्षक स्वरूप मिल जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मंदिर के फर्श पर टाइल्स और इसकी रंगाई के साथ ही रोशनी और पानी का भी समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

## शहीद कुंदन सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न

# पतराखुर्द ने पथरा को पेनाल्टी शूट में 4-1 से हराया




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कुर्मीपुर पंचायत के चौउआ चट्टान मैदान में आयोजित शहीद कुंदन कुमार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच पथरा और पतराखुर्द फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें निर्धारित समय तक बराबरी पर रहीं, जिसके बाद पेनाल्टी शूट का सहारा लिया गया। पतराखुर्द की टीम ने पथरा को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शहीद कुंदन कुमार सिंह के पिता सुरेश सिंह भी मौजूद थे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट है और फुटबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि खेल को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण की निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और अगले साल तक सभी प्रखंड मुख्यालयों में स्टेडियम बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने विधायक की तारीफ करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के युवाओं, किसानों और दलितों के लिए निरंतर काम कर रहे हैं और खेल के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शकों ने मैच का आनंद लिया।

# फिरोज अंसारी बने सदर, मुना खान सेक्रेटरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** अंजुमन इस्लाहूल मुस्लेमीन कमिटी मेदिनीनगर पलामू ने लेस्लीगंज थाना स्तर का अंजुमन मिल्लते इस्लामिया कमिटी सदर व सेक्रेटरी का चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी गई। फिरोज अंसारी 773 मतों तो दूसरे उम्मीदवार शमशाद खान को 442 मत मिले। प्राप्त मतों का मिलान करने पर फिरोज अंसारी ने 273 मतों से करीबी प्रतिद्वंदी समशाद खान को हराया। फिरोज अंसारी सदर (अध्यक्ष) चुने गए। सेक्रेट्री पद के उम्मीदवार मुना खान ने 45 मतों से करीबी प्रतिद्वंदी नईम अंसारी को हराकर सेक्रेट्री बने। उन्हें कुल 630 मत मिला। दूसरे स्थान पर रहे नईम अंसारी को 585 मत मिला। रविवार को पलामू सदर मुस्तफा कमाल के निगरानी में वोटिंग शुरू हुई। मतगणना का अंतिम परिणाम देर शाम को घोषणा की गई। मौके पर ही विजेता प्रत्याशियों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। चुनाव परिणाम आने के बाद लेस्लीगंज में विजेता पक्ष का जश्न का माहौल देखने को मिला। सदर फिरोज अंसारी ने कहा कि यह जीत सच्चाई की जीत है और जिन लोगों ने वोट दिया और जिन लोगों ने नहीं दिया वह उन सभी लोगों का शुक्रगुजार हूं। खासकर हजरत अंजान शाहदाता का हम लोगों पर करम रहा है। चुनाव परिणाम स्थल पर विजयी प्रत्याशी के खुशी में जमकर पटाखे फोड़ा गया। मौके पर हुमायूं खान, हफीजूल रहमान,अकबर खान, चंगेज खान,मोजाफर खान , मोहसिन आलम, सागर खान,मो.ईद्रीश, एकबाल खलीफा, अख्तर अली,जुकरूला आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-02, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



कांग्रेस भू-दान से भू-हड़प तक पहुंची ...

संसेक्स 81,973.05 +591.69

डॉलर 84.071 -0.066

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 76,080

01 किलो 90,770

## एक नजर

### रविवार को मनिका में ब्लैक डे : दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत

**मनिका।** रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत मटलौंग गांव के सरना चौक पर दो सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्र में मातम फैला दिया। पहली दुर्घटना में 21 वर्षीय धर्मेंद्र राम की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र मटलौंग रोड स्थित सेमराहट टोला में दुकान चलाता था। देर शाम वह अपने परिचित को छोड़ने के लिए मटलौंग गांव गया था, और वापस लौटते समय सरना चौक पर विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल से उसकी टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को मनिका सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मनिका थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। गांव के लोग धर्मेंद्र की मौत से बेहद दुखी हैं, क्योंकि वह एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी भी था। रविवार का दिन मनिका प्रखंड के लिए और भी त्रासद साबित हुआ, जब एनएच 39 पर दो मुहान पुल के समीप एक कार और बस की टक्कर में एक पिता और उसके 10 वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। इस प्रकार, रविवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की असमय मौत ने स्थानीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। इन घटनाओं ने सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर गंभीर चर्चा को जन्म दिया है, और स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करे।

### सामाजिक संस्थाओं के महत्व को सामने लाने वाले पर तीन अमेरिकी शोधकर्ताओं को मिला नोबेल


**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्र में इस बार का नोबेल पुरस्कार किसी देश की समृद्धि में सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों- डारोन एसेमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन को दिया गया है। इन शोधकर्ताओं ने यह समझने में मदद की कि कानून रूप से खराब शासन वाले समाज और जनसंख्या का शोषण करने वाली संस्थाएं विकास या बेहतरी के लिए परिवर्तन उत्पन्न क्यों नहीं करती हैं। इन वैज्ञानिकों ने यह स्थापित किया कि समावेशी संस्थानों से सभी का दीर्घकालिक लाभ होता है। आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार समिति के अध्यक्ष जैकब स्वेन्सन कहते है कि देशों के बीच आय में व्यापक अंतर को कम करना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। पुरस्कार विजेताओं ने इसे प्राप्त करने के लिए सामाजिक संस्थानों के महत्व का प्रदर्शन किया है।

## पेयजल स्वच्छता घोटाले को लेकर ईडी का 20 ठिकानों पर छापेमारी

■ मंत्री मिथिलेश के भाई, पीएस, आईएएस सहित अन्य 18 लोगों के आवास पर कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेयजल स्वच्छता विभाग में हुए घोटाले को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रांची, चाईबासा और जमशेदपुर में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार, उनके भाई विनय ठाकुर, आईएएस अधिकारी और श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक मनीष रंजन, उनकी बहन सहित 18 लोगों के 20 ठिकानों पर ईडी की टीम सोमवार सुबह से छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी जल जीवन मिशन में करोड़ों के घोटाले को लेकर हो रही है। इस मामले में रांची के सदर थाना में जल जीवन मिशन के तहत केस दर्ज हुआ था। करोड़ों रुपए के पाइपलाइन घोटाले में विभाग के कैशियर संतोष कुमार की अप्रैल, 2024 में गिरफ्तारी हुई थी। गिरफ्तारी के दौरान संतोष के घर से 50 लाख रुपए से अधिक बरामद हुए थे।



छापेमारी में ईडी ने विभिन्न ठिकानों से बैंकिंग लेनदेन सहित अन्य कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों, जमीन के कागजात, डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य सामान जब्त किये है। डोरंडा के छप्पन सेट में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार का आवास में ईडी के अधिकारी ताला तोड़कर घुसे। ईडी के अधिकारियों ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई। चाबी बनाने वाले को भी बुलाया और कई अन्य तालों को खोलकर जांच की।

## रविदास समाज ने मृत्यु भोज के प्रचलन को समाप्त करने का लिया निर्णय



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत कुमशमाहा ग्राम निवासी जगदीश राम की पत्नी, 63 वर्षीय समुद्री देवी, की आकस्मिक मौत के बाद रविदास समाज के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सर्वसम्मति से तय किया गया है कि अब से उनके समाज में मृत्यु भोज का प्रचलन समाप्त किया जाएगा। मौके पर उपस्थित रविदास समाज के केरेड़ारी के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम और सचिव सुरेश राम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी के निधन पर पूरा परिवार गमगीन रहता है, और इस दुखदायी समय में परिवार की आर्थिक स्थिति और भी खराब हो जाती है। उन्होंने बताया कि मृत्यु भोज जैसे कुरूतियों के कारण घर में चीत्कार और चीख-पुकार का माहौल बना रहता है, और फिर भी परिवार को सामाजिक दबाव के कारण इस भोज का आयोजन करना पड़ता है। उन्होंने कहा, हमने कुमशमाहा और भाटचतरा में इस प्रचलन को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक बदलाव आएगा। सामाजिक सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि मृतक के घर में आने वाले लोग अक्सर कफन लेकर आते हैं जो व्यर्थ चला जाता है। इसलिए, उन्होंने कफन के बजाय उसकी कीमत को शेष पृष्ठ 09 पर

## झारखंड कैबिनेट में 29 प्रस्तावों पर मुहर

# मंईयां सम्मान योजना में अब मिलेंगे ढाई हजार प्रतिमाह

- 10 लाख रुपये अधिकतम सालाना ट्यूशन फीस अनाथ व दिव्यांग बच्चों को मिलेगी
- 53 लाख महिलाओं को मिलेगा संशोधित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ
- 9000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च इस योजना पर सरकार को वहन करना पड़ेगा
- 2700 बीआरपी-सीआरपी सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती से लाभान्वित होंगे
- 43 करोड़ रुपये की राशि नेतरहाट पर्यटन विकास व भूमि अधिग्रहण के लिए मंजूर
- 109 करोड़ की पथ परियोजना गढ़वा में बिलासपुर-प.बीरबल चौक तक को मंजूरी
- 50 प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति
- 15 लाख असम में रहने झारखंड के आदिवासियों के उत्थान लिए बनेंगी योजनाएं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विकास और सामाजिक कल्याण योजनाएं अब राज्य की आर्थिक स्थिति को देखते हुए नहीं बल्कि सीधे-सीधे विपक्षी दलों से जोर आजमाइश के फामूर्ले पर बनाई जा रही हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें सबसे अहम रहा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में संशोधन। इसके तहत माता-बहनों के खाते में अब दिसंबर से एक हजार रुपये के बदले 2500 रुपये प्रतिमाह भेजे जाएंगे। साल में अब 12 हजार रुपये के बदले माता-बहनों को 30 हजार रुपये मिलेंगे। इसका लाभ अब 53 लाख महिलाओं को मिलेगा। इस बढ़ोतरी की वजह से राज्य सरकार को इस योजना में लगभग नौ हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा। मतलब सरकार ने योजना लॉन्च करने के महज दो माह के अंदर इसकी राशि ढाई गुणा बढ़ा दी, सहायता राशि बढ़ाने की ऐसी तेज गति शायद ही पहले देखी गई हो। साफ है इस निर्णय में अर्थशास्त्र से ज्यादा राजनीतिशास्त्र हावी है। मालूम हो कि दो माह पहले अगस्त में बड़े ही धूमधाम से लॉन्च की गई इस योजना में 21 वर्ष से 50 वर्ष की माता-बहनों को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा हुई थी। प्रति माह करीब 50 लाख महिलाओं के खाते में रकम भेजी भी जाने लगी। इसके एक माह बाद ही इस योजना की आयु सीमा कम करते हुए 18 से 50 वर्ष कर दिया गया। लाभूकों की संख्या अब करीब 53 लाख हो गई है।




**गोगो दीदी योजना से दबाव में थी सरकार :** मालूम हो कि 5 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी ने मंईयां सम्मान योजना के जवाब में गोगो दीदी योजना लाने का ऐलान किया था, जिसके तहत राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर प्रतिमाह महिलाओं को 2,100 रुपए की राशि देने का शेष पृष्ठ 09 पर

## सीएम हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बांटा नियुक्ति पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन से 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र का वितरण किया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले को पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य के हर क्षेत्र में एक नई कड़ी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, सीएम ने आशा जताई कि सभी चयनित चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

**महिला और पुरुष दोनों निभाए अहम भूमिका :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लिस्ट में महिला और पुरुष दोनों की ही सहभागिता है। नर्सिंग इंस्टीट्यूट में महिला के साथ पुरुष भी स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम भूमिका निभाएं। सीएम ने कहा स्वास्थ्य व्यवस्था सिर्फ बड़ी-बड़ी इमारतों के बनने से मजबूत नहीं होगा। अस्पताल में दवाइयां और नर्सिंग स्टाफ भी बेहद जरूरी है। सीएम ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही विश्व स्तरीय अस्पताल की आधारशिला रखी गई। इसमें प्राइवेट कंपनियों को भी जोड़ा गया।

**मुंबई स्थित झारखंड भवन का किया शिलान्यास :** सीएम हेमंत सोरेन ने नवी मुंबई में बन रहे झारखंड भवन का शिलान्यास किया। अगर इस भवन की खासियत की बात करें तो यह सात मंजिला इमारत होगी जिसमें 28 हजार शेष पृष्ठ 09 पर

## सीएम हेमंत, मिथिलेश और बन्ना ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी की छापेमारी को सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता ने राजनीति से प्रेरित करार दिया है। सीएम सोरेन से मीडिया ने इन छापों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि यह अप्रत्याशित नहीं है। चुनाव आ गया है। विपक्षी पार्टी के लोग लग गए हैं। वहीं, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा, यह भाजपा द्वारा कराई जा रही राजनीतिक रेड है। मुझ पर भाजपा में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था। मैंने इनकार कर दिया तो भाजपा की ओर से यह रेड कराई जा रही है। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा। मिथिलेश ठाकुर ने आगे कहा, चुनाव नजदीक आता देखकर और खुद की खराब स्थिति देख यह सब कुछ कराया जा रहा है। मैं तो ईडी से कहूंगा कि वह शाम तक खुलासा करे कि इनको मेरे पीएस और मेरे आवास पर क्या कुछ मिला। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस प्रकरण में मीडिया से बात करते हुए कहा, सारी चीजें कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह की चीजें हो रही हैं। लेकिन, इससे भाजपा को कोई नफा नहीं होगा। इधर असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा में मिथिलेश ठाकुर के भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाने वाले ब्यान पर कहा कि उनके और भाजपा के बीच जल जीवन मिशन में करोड़ों का घोटाला है। जब तक वह इसमें राफ-साफ नहीं निकलते उनके लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं। वहीं चुनाव के पहले ईडी के राजनीतिक इस्तेमाल के आरोप पर कहा कि उनके खिलाफ पहले से ही घोटाले का मामला चल रहा है। तो क्या चुनाव के कारण इस जांच को बंद कर दिया जाए।

## गठबंधन के तहत 81 विधानसभा क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में हुई। बैठक के बाद हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इसलिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की थी। मैं भी केंद्रीय समिति सदस्य हूं इसलिए बैठक में शरीक हुआ। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। इस बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। सुबह से शाम तक हुई कई पाली में बैठकों में मंथन का दौर जारी रहा। संध्या 6.15 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में शरीक होने के लिये सोहराई भवन पहुंचे। उनके पहुंचते ही सारे नेता कार्यकताओं में एक अलग ही जोश आ गया। सुबह से शाम तक चली बैठक का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने पहले बंद कमरे में आकलन लिया। राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। झामुमो के केंद्रीय महासिचव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक इसलिए अहम है कि इस बैठक में संगठनात्मक एकता, गठबंधन को और मजबूती प्रदान करने व पार्टी को धरदार बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को ले रणनीति तय करने पर मंथन किया गया। गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।




## इंडिया

## भारत की खाद्य उपभोग परंपरा को वैश्विक मॉडल बताया डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

प्रकृति को देवी देवता और नदी तालाबों को मां मानने वाले भारतीय सनातनी समाज की मान्यता को वैश्विक सम्मान मिलता रहता है पर अभी मान्यता मिली है शाकाहार की परंपरा के रूप में। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने भारत के खाद्य उपभोग पैटर्न को जी 20 देशों में सबसे अधिक जलवायु-अनुकूल माना है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का आहार पर्यावरण के लिए सबसे कम हानिकारक है, खासकर जब 2050 तक खाद्य उत्पादन की वैश्विक मांग पर विचार किया जाता है। यदि सभी देश भारत के उपभोग पैटर्न को अपनाते हैं, तो दुनिया को खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक पृथ्वी से भी कम की आवश्यकता होगी, जो इसे स्थिरता के लिए एक मॉडल बना देगा और अगर दुनिया में हर कोई 2050 तक भारत की ही तरह ही खाद्य उपभोग पैटर्न को अपनाता है, तो हम भोजन से संबंधित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए 1.5 डिग्री सेल्सियस जलवायु लक्ष्य को 263 प्रतिशत से अधिक कर देंगे। यह पृथ्वी और पृथ्वी के जलवायु के लिए सबसे कम नुकसानदायक होगा। वहीं भारत का बाजरा-केंद्रित आहार एक उदाहरण के रूप में सामने आया है जिसे देश को स्थिरता प्रदान करने के लिए एक मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया है। रिपोर्ट की चेतावनी है कि विश्व के अनेक देशों में लगभग ढाई अरब लोग ओवरवेट हैं। वहीं 890 मिलियन लोग मोटापे के शिकार हैं। यदि सभी देश भारत के उपभोग मॉडल का पालन करें, तो रिपोर्ट इस बात को इंगित करती है कि खाद्य उत्पादन को बनाए रखने के लिए 2050 तक एक से भी कम पृथ्वी (0.84) की आवश्यकता होगी। भारत का खाद्य उपभोग पैटर्न दुनिया के सभी जी 20 देशों में सबसे ज्यादा स्थाई और पर्यावरण के अनुकूल है। इंडोनेशिया और चीन जी 20 अर्थव्यवस्थाओं में दूसरे स्थान पर हैं, जिनका डाइट पैटर्न पर्यावरण के मुताबिक है। रिपोर्ट में अमेरिका, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के डाइट पैटर्न को सबसे खराब रैंकिंग दी गई है। रिपोर्ट में भारत की स्थायी खपत की तुलना अर्जेंटीना से की गई है, जिसे 2050 तक अपने खाद्य उत्पादन पैटर्न को बनाए रखने के लिए सबसे अधिक पृथ्वी (7.4) की आवश्यकता होगी। इस बेंचमार्क पर खराब प्रदर्शन करने वाले अन्य देशों में ऑस्ट्रेलिया (6.8), संयुक्त राज्य अमेरिका (5.5), और शामिल हैं। ब्राजील (5.2). दूसरी ओर, इंडोनेशिया (0.9) भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में से है, इसके बाद चीन (1.7), जापान (1.8), और सऊदी अरब (2) हैं।डब्ल्यूडब्ल्यूएफ रिपोर्ट राष्ट्रीय बाजरा अभियान के माध्यम से जलवायु-अनुरूप बाजरा को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों की सराहना करती है, जिसका उद्देश्य इन प्राचीन अनाजों की राष्ट्रीय खपत को बढ़ावा देना है। बाजरा बदलती जलवायु परिस्थितियों के लिए अत्यधिक अनुकूल है और पोषण का एक उत्कृष्ट स्रोत है। भारत मिलेट्स का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग 41% हिस्सा है। मिलेट्स की खपत को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से कई पहल की गई हैं, जिनमें राष्ट्रीय मिलेट अभियान, मिलेट मिशन, और ड्राउट मिटिगेशन प्रोजेक्ट शामिल हैं। मोटे अनाजों का सेवन भारत में लंबे समय से किया जाता रहा है। मिलेट्स का सेवन करने के लिए भारत में कई अभियान भी चलाए जा रहे हैं जिसमें लोगों को इससे जुड़े लाभ के बारे में बताया जा रहा है। अगर शाकाहारियों की संख्या की बात करें तो दुनिया में सबसे ज्यादा संख्या भारत में ही मिलेगी। अनुमानित आंकड़ों के आधार पर बताया जाता है कि भारत की आबादी के 25-30 प्रतिशत लोग शाकाहारी हैं। भारत में जो मांसाहार खाना खाते हैं, ऐसा नहीं है कि वो केवल और केवल मांस-मछली ही खाते हैं। यहां बड़े मात्रा में सब्जियां और प्लांट बेस्ड फूड यानी शाक सब्जियां उपयोग में लाई जाती हैं । खाद्य उत्पादन और दीर्घकालिकता के लिहाज से देखें तो भारत इन मानकों पर एकदम खरा उतरता है। इसलिए वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडबल्यूएफ) की रिपोर्ट में भारत की खाद्य उपभोग पैटर्न को बेहतरीन बताया गया है। लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट की ओर से एक रिसर्च में के आधार पर ये रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि भारत का खाद्य उपभोग पैटर्न दुनिया के सभी जी 20 देशों में सबसे ज्यादा स्थाई और पर्यावरण के अनुकूल है। एक समय था जब झारखंड सहित भारत के अधिकांश लोग गांवों में उत्पादित मड़ुआ,मकई,गोंदली,गोड़ा धान जैसे मोटे अनाजों को प्राथमिकता देते थे और उनकी खाद्य आवश्यकताएं बिना रासायनिक खाद या दवाओं के पूरी होती थीं पर अब चिकनाईयुक्त भोजन और जल्दी पकने वाले फास्ट फूड जिन्हें पश्चिमी देश जंक फूड बताकर छोड़ रहे हैं गांवों तक पहुंचकर लोगों को बीमार बना रहे हैं जिसमें मोटापा,शुगर,बीपी जैसी बीमारियों से लेकर कैंसर तक शामिल है।



## विधानसभा में पांच सदस्य नामित करने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा विधानसभा में पांच सदस्यों को नामित करने की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा, पहले मामले को लेकर हाई कोर्ट जाएं। पीठ ने आदेश दिया, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। याचिकाकर्ता जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने याचिका के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार भी शामिल थे। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन अधिनियम 2013 के अनुसार, सभी पांच मनोनीत सदस्यों को सरकार गठन में मतदान का अधिकार होगा। मनोनीत सदस्यों में दो महिलाएं होंगी; दो कश्मीरी पंडित विस्थापित समुदाय से होंगे, जिनमें कम से कम एक महिला होगी; और एक पश्चिमी पाकिस्तान का शरणार्थी होगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को श्रीनगर स्थित राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। विधानसभा की 90 सीटों के लिए हाल ही में हुए चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 42 उम्मीदवार जीते हैं, जबकि सहयोगी कांग्रेस के छह और माकपा का एक सदस्य विजयी रहा है। वहीं भाजपा के 29, पीडीपी के तीन, आम आदमी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के एक-एक सदस्य विधानसभा पहुंचे हैं। इसके अलावा सात निर्दलीय भी जीते हैं। जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों में से प्यारे लाल शर्मा, सतीश शर्मा, मोहम्मद चौधरी अकरम, डॉ. रामेश्वर सिंह और मुजफ्फर इकबाल खान समेत ज्यादातर ने एनसी को समर्थन देने का फैसला किया है।

## एक नजर

### जपला सद्भावना भवन में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन



**हुसैनाबाद।** मधुशाला रोड स्थित सद्भावना भवन में संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नवरात्रि पर्व के कार्यक्रम एवं चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन किया गया। मौके पर सेवा केंद्र संचालिका बीके प्रियंका ने कहा कि वास्तव में मां दुर्गा हम सभी के जीवन की श्रेष्ठतम स्थिति का प्रतीक हैं। यदि हम सब अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें तो स्वतः ही बुराइयों का अंत हो जाएगा। महिषासुर बुराई एवं अज्ञानता का प्रतीक है, वहीं मां दुर्गा निर्भयता एवं श्रेष्ठता का प्रतीक हैं। उन्होंने वर्तमान समय में हर एक को अपने अंदर से बुराइयों को दूर करने की बात पर जोर दिया। वर्तमान समय में सर्वशक्तिमान परमात्मा अवतार लेकर अपनी सर्वशक्तियां बह्मकुमारी बहनों के माध्यम से अपनी सर्व शक्तियों का संचार कर रहे हैं। मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# भाजपा नेता पर युवक को पीटने का आरोप, शहर थाना में मामला दर्ज

**युवक की बहन के साथ भी की गई धक्का मुक्की**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के महुगावां निवासी अक्षय कुमार पांडेय ने अपने और बहन के साथ भाजपा नेता सह केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति अध्यक्ष दुर्गा जौहरी उनके भाई, बेटे व अन्य पर बाजार क्षेत्र में सरेआम पिटाई करने से संबंधित मामला शहर थाना में सोमवार को दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे अक्षय अपने बहन और चाची के साथ सिंगरा में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में जा रहे थे। इस दौरान शहर थाना के पास अक्षय की कार आगे चल रहे दुर्गा जौहरी की स्कूटी में अचानक ब्रेक लगाने के कारण मामूली धक्का लग गया। आरोप है कि इसके बाद दुर्गा जौहरी ने अक्षय के साथ मारपीट की। इसके बाद वहां अक्षय के चाचा व अन्य पहुंचे और मामले को शांत करा दिया। लिखित आवेदन में अक्षय कुमार पांडेय ने बताया कि वह हल्की झड़प होने के बाद शर्ट फट जाने के कारण बाजार में शर्ट खरीदने गया था। वापसी के दौरान लगभग करीब 11 बजे भाजपा नेता दुर्गा जोहरी उनके पुत्र डिंपू जाौहरी, भाई पप्पू जौहरी व अन्य लोग आए और अचानक उसके ऊपर लात घूंसे से हमला कर दिया। वह लोग कुछ समझ पाते तब तक और भी बाजार क्षेत्र के लोग आ गए और उसके साथ जमकर मारपीट की। यहां तक के उन्होंने महिलाओं को भी नहीं बख्शा और उनका हाथ मरोड़ कर धक्का-मुक्की की। इस बीच बाजार में लोग तमाशबीन बने देखते रहे। इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर दर्जनों की संख्या मे अक्षय के परिजन दुर्गा जौहरी व अन्य को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि परिवार के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में अनुसंधान कर रही है।

## झामुमो छात्र मोर्चा जीएलए कॉलेज के अध्यक्ष बने सौरभ पाठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो छात्र मोर्चा का जीएलए कॉलेज कमेटी का पूर्ण रूप से गठन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष कौशल किशोर ने की। संचालन जिला सचिव सैयद फैजल ने किया। मौके पर अध्यक्ष सौरभ पाठक, उपाध्यक्ष, हर्ष दुबे, विकेश पांडेय, सचिव किसलय दुबे, कोषाध्यक्ष सूरज उपाध्याय, संगठन सचिव ओम मिश्रा, विशाल कुमार, संयोजक सचिव निखिल मेहता, सोशल मीडिया संयोजक व प्रभारी आर्यन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर जिला अध्यक्ष कौशल किशोर ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष, प्रियांशु आनंद, एनपीयू अध्यक्ष कौशल सिंह, भीम, अनुराज, आलोक, सूर्य, अमित, कुमार आदि मौजूद थे।

## 108 एंबुलेंस कर्मियों को तीन माह से वेतन भुगतान नहीं, अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू 108 एंबुलेंस के तहत कार्यरत कर्मचारियों का तीन महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। कर्मियो में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और ड्राइवर शामिल हैं। सभी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इनकी संख्या 92 है, जबकि एम्बुलेंस की संख्या 32 है, जिसमें 28 चालू हालत में है व चार खराब है। दोनों स्तर के कर्मियों ने एनआरएचएम से स्थाई करने की मांग है। साथ ही मांग पूरी होने तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। इस सिलसिले में कर्मियों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सदर को लिखित आवेदन सौंपा गया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ने कहा कि बार-बार टेंडर बदलने के कारण नई एजेंसी के द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम पर ड्राइवर से 15 हजार और ईएमटी से 25 हजार रुपए की मांग की जाती है। हर 6 महीने में कंपनी बदल जाती है। रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं देने पर उन्हें काम से हटा देने की चेतावनी दी जाती है। हमेशा नौकरी जाने का भय बना रहता है। ऐसे में उन्हें एनआरएचएम से स्थायी किया जाए एवं पेमेंट किया जाए। कर्मियों ने कहा है कि विगत तीन माह (एक माह का जीवीके ईमरी एवं दो माह का पिछली कंपनी जेडएचएल) का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में उनके समक्ष भारी आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उनकी 24 घंटे और सातों दिन सेवा ली जाती है। जुलाई और अगस्त 2023 का जेडएचएल एवं सिमंबर 2024 का जीवीके ईमरी कंपनी के तहत अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है।

## न्यूज बॉक्स

### विवेकानन्द विद्या मंदिर के 10 छात्र व एक शिक्षिका प्रशिक्षण के लिए रांची रवाना




**मेदिनीनगर।** विवेकानंद विद्या मंदिर कुन्दरी, अपनी शिक्षा व्यवस्था के कारण अलग पहचान बना रही है। भारतीय संस्कृति और परम्परा के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी जागरूकता का प्रयास कर रही है। विद्यालय के छात्रों को शिक्षा के साथ साथ जनसेवा के गुणों को भी सिखाने का प्रयास विद्यालय प्रबंधन कर रही है। इसी क्रम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण हेतु विद्यालय के 10 छात्र एवं एक शिक्षिका रांची के विवेकानंद विद्या मंदिर से प्राप्त करने के लिए 14 सितंबर को प्रस्थान किए। सभी छात्रों को प्रतिदिन की भांति तिलक वंदन एवं आरती करके मंगलकामनाओं के साथ भेजा गया। विवेकानंद विद्यालय के संचालक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श और विचार से चलता है। भारतीय परंपरा और सनातन संस्कृति से जीवन मे आगे बढ़ने, जीने और सफल अभियान में सहयोग और प्रेरणा मिलता है। हमारा लक्ष्य है ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सेवा देना है। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व के पश्चात पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्यालय के 10 छात्र और एक शिक्षिका ज्योति कुमारी को विवेकानंद विद्या मंदिर, रांची शाखा में विशेष प्रशिक्षण हेतु भेजा जा रहा है। जहां पर उन्हें संस्कृति, संस्कार, श्लोक, अनुशासन, प्रतियोगिता इत्यादि का तीन दिवसीय पूर्ण प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बढ़ती हुई शिक्षा के व्यापारीकरण से सभी त्रस्त है, इस कारण हमारे विद्यालय में अच्छी और बेहतर शिक्षा सेवा उपलब्ध कराना है। आने वाले समय में और भी कई प्रकार की सेवा विद्यालय प्रबंधन से मिलता रहेगा। मौके पर प्रधानाचार्य शुभम ठाकुर, शिक्षिका श्रेया, बबिता, ज्योति, खुशी सहित कई अभिभावक भी उपस्थित रहें।

### बाजार क्षेत्र में नहीं मिल पा रहा जाम से छुटकारा




**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा में बाजार क्षेत्र में लगाए गए बैरिकेडिंग हटाने के बाद फिर से वाहनों को नो पार्किंग जोन में खड़ा किया जाने लगा है। जिस कारण रोजाना जाम की समस्याओं से लोगों को घंटों जूझना पड़ रहा है। बाजार में स्थित सड़क के किनारे दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के बेतरतीब खड़े कर देने से जाम की समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। वाहनों को बाजार में बीच सड़क पर आड़ेझतिरछे खड़े कर चालक घंटो तक गायब हो जाते हैं। जाम की इस विकराल समस्या की ओर न तो जिला प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है।बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से बाजार के दुकानदार ,व्यवसाई , राहगीर,वाहन चालक परेशान होने को विवश हैं। जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को। कहीं भी ट्रैफिक पुलिस जाम को हटाने की दिशा में प्रयास करती नहीं दिखी। जिससे घंटों तक लोग परेशान होते रहते हैं। इस बाबत पूछताछ करने पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि बाजार क्षेत्र में लोगों को नो पार्किंग जोन में वाहन न खड़ा करने हेतु कई बार हिदायत दी गई है। वाहन जांच अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़े वाहनों को जब्त कियाजाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका प्रियंका सिंह लोगों को झुमाएंगी

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत के तीनकोनिया टोला में यंग जागृति संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 14 अक्तूबर को किया गया है। संघ के अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया करेंगे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। सुपर स्टार गायक धनंजय शर्मा, गायक सह अभिनेता आर्यन बाबू, गायिका प्रियंका सिंह भास्कर, सुपर स्टार गायिका नेहा राज के बीच मुकाबला होगा। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि संघ द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा व भाई चारा बढ़ेगा। कार्यक्रम की तैयारी में मुख्य संरक्षक अजय चौधरी, उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, उप संरक्षक सह बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, सचिव छोटू विश्वकर्मा, उप सचिव नारियल सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद साव, उप कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, महामंत्री अनुप सिंह, मंत्री रवि सिंह लगे हैं। अजय चौधरी ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर हर वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।

## सोना महल में 15 से एक नवंबर तक ज्वेलरी प्रदर्शनी लगी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्वेलरी शोरूम सोना महल में इन दिनों धनतेरस एवं दीपावली के मौके पर भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी 15 अक्टूबर से 1 नवंबर तक लगाई गई है। प्रदर्शनी में ग्राहकों को दिल्ली, मुंबई राजकोट, मेरठ, दुबई तक की ज्वेलरी खरीदने का मौका मिल सकता है। सोना महल के संचालक संतोष कुमार सोनी व धनंजय कुमार सोनी ने बताया कि धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट के रूप में 50,,000 के डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर 10 ग्राम चांदी का सिक्का बिलकुल मुफ्त व 10 ग्राम सोने की ज्वेलरी की खरीदारी पर 2,250 रुपए की भारी छूट दी जा रही है। सोना महल का वादा है कि कम से कम मेकिंग, कम से कम सोने का भाव और ज्यादा से ज्यादा फायदा ग्राहकों को मिले यही उद्देश्य है। सोना महल के संचालक धनंजय सोनी का कहना है कि धनतेरस में ग्राहकों को खरीदारी करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्राहक भीड़-भाड़ होने की वजह से अपने मनपसंद ज्वेलरी की खरीदारी नहीं कर पाते हैं। इसीलिए सोना महल की तरफ से यह ज्वेलरी महोत्सव रखा गया है, जिसमें ग्राहक अपनी पसंद के ज्वेलरी को बुकिंग करके धनतेरस के दिन डिलीवरी ले सकते हैं। सोने के बढ़ते भाव को देखते हुए लाइटवेट ज्वेलरी पर ज्यादा ग्राहकों की नजर है। इस पर ध्यान देते हुए संचालक कम बजट में ज्यादा फैलाव वाले जेवर उपलब्ध कराए है। सोना महल संचालक धनंजय प्रसाद सोनी ने बताया कि सोना महल परिवार हमेशा ग्राहकों की पंसद को प्राथमिकता देते आ रहा है। इस कारण समय-समय पर अलग-अलग रूप में ज्वेलरी प्रदर्शन लगाया जाता है। ग्राहकों की पहली पंसद होने का यह सबसे बड़ा कारण है।

## पारा शिक्षकों का विरोध: दो मंत्री व विधायक के खिलाफ शव यात्रा निकाली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह समन्वय समिति के सदस्य विनोद तिवारी की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विरोध प्रकट करते हुए प्रतिकात्मक रूप से शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री और गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू का शव यात्रा निकाली। जो जिला स्कूल से इंजीनियरिंग रोड और धर्मशाला रोड होते हुए छः मुहान चौक पर पहुंचा। वहां इन तीनों का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम 28 अगस्त को पारा शिक्षकों को ईपीएफ और अनुकंपा का लाभ देने के वादाखिलाफी के कारण आयोजित किया गया था। झारखंड के पारा शिक्षकों में भारी आक्रोश है, क्योंकि मुख्यमंत्री के 2019 के चुनावी घोषणा पत्र में वेतनमान देने का वादा किया गया था, लेकिन 5 साल का समय बीत जाने के बावजूद भी वेतनमान नहीं मिला। इस कारण झारखंड के पारा शिक्षक पूर्णतः आंदोलन पर उतर आए हैं। अर्थी यात्रा कार्यक्रम के बाद 15 अक्टूबर से हड़ताल शुरू होगा और 17 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर अमलेश कुमार चौरसिया, सुरेंद्र सिंह, विनीत दुबे, महेंद्र राम, जनेश्वर सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, धनंजय चौरसिया, महेश मेहता, सुधीर तिवारी, सुशील विश्वकर्मा, कौशल कुमार, धनंजय यादव, मनीष पांडे, ललन साहू, सूरजमल सिंह, प्रभाकर पांडे, अशोक राम, संजय चौरसिया, इदरीश, भूपेंद्र सिंह, संतोष, रामाश्रय गुप्ता, परमानंद सिंह, शाहिद सहित सैकड़ों की संख्या में सहायक अध्यापकों ने भाग लिया।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

**मेदिनीनगर।** ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत सोमवार को हो गई है। घटना सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के कोसियारा रेलवे स्टेशन के समीप की है। घटना 03342 पैसेंजर ट्रेन के चपेट आने से होने की बात कही जा रही है। मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। जानकारी के अनुसार मृतक रेल लाईन क्रास करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गया। रेल पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस शव का पहचान करने के लिए आस पास के लोगों से प्रयास की, लेकिन कोई भी शव को नहीं पहचान सका है।

## करम की डाली जमीन में लगाकर मनाया गया करमा पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** करम डाली जमीन में लगाकर लातेहार जिला अंतर्गत गारू के कुजरूम गांव के विस्थापितों ने पोलपोल में धमधमवा टोला में धूमधाम से करमा पूजा का आयोजन किया। आश्विन एकादशी को लोगों ने उपवास रहकर पूजा अर्चना की और करम की डाली को जमीन में लगाकर इस पर्व को मनाया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, भरदुल सिंह, आनंद कुमार, विपिन सिंह, जगन सिंह समेत दर्जनों लोगों ने करमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रकृति से जुड़ा पर्व है, जिसमें लोग प्रकृति की पूजा कर अच्छे फसल की कामना करते हैं। बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि के लिए कर्म देव की पूजा करती हैं। कर्मा पूजा के संदर्भ में उन्होंने बताया कि कर्म और धर्म दो भाई थे, जिन्होंने अपनी बहन की रक्षा के लिए जान को दांव पर लगा दिया। उन्होंने जीवन को खुशहाल बनाने के लिए कर्म और धर्म दोनों की आवश्यकता पर जोर दिया, यह कहते हुए कि जब तक दोनों का योग नहीं होता, तब तक विकास संभव नहीं है। यह भाई-बहन के अनूठे प्यार का त्यौहार है, जिसमें बहनें भाइयों की दीघार्यु की कामना करती हैं और भाई बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों ने मांदर की थाप पर जमकर थिरके, जबकि महिलाएं और पुरुषों ने एक साथ करमा गीत गाकर और नृत्य करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर महेंद्र सिंह, ललू उराव, फुलेश्वर उराँव, पिन्टू सिंह, योगेंद्र सिंह, छोटू सिंह, मोहन सिंह, धर्मवीर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## भागवत कथा

### श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# पृथ्वी के समान सहनशील बनकर लोगों की सेवा करें: जीयर स्वामी



**महाराज ने भगवत कथा में भगवान दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा में आयोजित श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में चल रहे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। सोमवार की सुबह से ही श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने लगे थे। पूरे यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण और 'श्रीमन नारायण' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जीयर स्वामी जी महाराज ने भगवत कथा में भगवान दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि जैसे पृथ्वी सहनशील होकर लोगों का भरण-पोषण करती है, वैसे ही हमें भी अपने सामर्थ्य के अनुसार लोगों की सहायता करनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि परिवार और बच्चों का पालन-पोषण निस्वार्थ भाव से करना चाहिए, जिससे जीवन में कोई कष्ट अनुभव नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि गाड़ी और मकान सुविधाओं के लिए बनाए, परंतु अय्याशी से दूर रहें, क्योंकि अय्याशी ही विनाश का कारण बनती है।

**निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था**

श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे निःशुल्क वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां 24 घंटे वॉलेंटियर्स द्वारा वाहनों की देखरेख की जा रही है, और पार्किंग के लिए टोकन प्रणाली लागू की गई है।

**सुरक्षा के व्यापक इंतजाम**

सुरक्षा और विधि व्यवस्था के मद्देनजर सैकड़ों पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार और ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद के नेतृत्व में सुरक्षा का सख्त

**संपूर्ण कथा प्रवचन का आयोजन**

सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक विभिन्न मठों और क्षेत्रों से आए जगत गुरु और पीठाधीश्वर द्वारा राम कथा और भगवत कथा का प्रवचन हो रहा है। प्रत्येक दिन शाम 5:30 से 6 बजे तक श्री लक्ष्मी प्रपन्न त्रिदंडी जीयर स्वामी जी महाराज भागवत कथा कर रहे हैं।

**विशाल भंडारा और ठहरने की व्यवस्था**

महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर जाने का विशेष आग्रह किया गया है।

**अधिवक्ता संघ परिसर में विधायक ने भवन निर्माण की रखी आधारशिला**

## पलामू अधिवक्ता संघ की आवाज को सदन में उठाता रहूंगा: डॉ. शशि भूषण मेहता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ परिसर में विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने पांच लाख रुपये की राशि से भवन निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के कई पदाधिकारी और अधिवक्ता उपस्थित थे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने कहा कि लगभग 100 साल पुराना यह संघ भवन अब जर्जर हो चुका है और इसके पुनर्निर्माण की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने विधानसभा सत्र में अधिवक्ता संघ की स्थिति को उठाते हुए वर्तमान सरकार को इसकी जानकारी दी थी और आश्वासन दिया कि जल्द ही यहां एक सुसज्जित भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के हित में लगातार संघर्ष जारी रखने का वादा किया।

**अधिवक्ताओं की लंबे समय से मांग**

पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. शशि भूषण मेहता ने अपनी विधायक निधि से भवन निर्माण की आधारशिला रखी है, जो अधिवक्ताओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रतीक है। महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि यह पलामू जिला अधिवक्ता संघ के लिए सौभाग्य की बात है कि विधायक ने सदन में इस मामले को प्रमुखता से उठाया, जिससे सरकार ने इसे नोटिस में लिया। अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि विधायक द्वारा अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से लेकर किए गए इस कार्य को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि विधायक की सक्रियता से अब अधिवक्ता संघ को विश्वास हो गया है कि आने वाले समय में सुसज्जित भवन का निर्माण अवश्य होगा। कार्यक्रम में संघ के कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, संयुक्त सचिव नितिन कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ल, और अन्य कार्यकारिणी सदस्य समेत अधिवक्ता दिवाकर दुबे, संतोष कुमार दुबे, शंकर त्रिपाठी, ललित शुक्ला, उमेश पासवान सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# मिथिलेश ठाकुर के आवास पर ईडी की छापेमारी की चर्चा दिन भर होते रही




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक और प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की सूचना मिलने के बाद सोमवार को दिनभर लोगों की भीड़ वहां जमा रही। हालांकि, इस दौरान मंत्री आवास पर मिथिलेश कुमार ठाकुर मौजूद नहीं थे, उनके भाई विनय ठाकुर दिनभर कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। आवास में सामान्य दिनों की तरह लोग आते-जाते रहे, लेकिन जब मीडिया कर्मी फोटो लेने के लिए पहुंचे, तो मंत्री आवास के निजी गार्ड संजय ने उन्हें रोक दिया। वहीं, गेट पर लोगों की आवागमन पर रोक-टोक की जा रही थी। मंत्री आवास के बाहर तीन और एक सड़क पर चार इनोवा वाहन खड़ी थी, जिससे लोगों में यह चर्चा थी कि ईडी की टीम पहुंचने वाली है। जब इस बारे में कार्यकर्ताओं से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि ये सभी वाहन मंत्री के परिवार की हैं और हाल ही में यहीं पर रह रही हैं। सूत्रों के अनुसार, ईडी की छापेमारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कई ठिकानों पर सुबह से जारी थी। गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर स्थित उनके आवास पर भी ईडी टीम के पहुंचने की सूचना थी, लेकिन शाम छह बजे तक वहां किसी प्रकार की हलचल नहीं देखी गई।

### ईडी छापेमारी राजनीति से प्रेरितः झामुमो प्रवक्ता

गढ़वा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। दुबे ने कहा कि भाजपा को पलामू प्रमंडल की पांच सीटों पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रभाव के कारण हार का अंदेशा है, साथ ही कोल्हान के चाईबासा क्षेत्र में भी उनकी मजबूत पकड़ बनी हुई है। गढ़वा में हुए विकास कार्यों की चर्चा पलामू प्रमंडल की सभी विधानसभा सीटों पर हो रही है, जिससे अन्य क्षेत्रों की जनता अपने विधायकों से सवाल पूछने लगी है। दुबे ने आरोप लगाया कि भाजपा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को विगत छह महीने से अपने दल में शामिल होने के लिए दबाव बना रही थी, और जब उन्होंने इंकार किया तो डराने के इरादे से ईडी के जरिए छापेमारी करवाई गई।

## एक नजर

### मुख्य मार्ग पर खड़ा सूखा पेड़ बड़ी दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण



**बड़गड़।** थाना क्षेत्र के बड़गड़-टेहड़ी मुख्य मार्ग पर गोठानी गांव के पास कई महीनों से खड़ा दो आम का सूखा पेड़ किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। प्रशासन व वन विभाग द्वारा पेड़ को हटाने का अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महीने पहले वन विभाग के कर्मी द्वारा एक आम के पेड़ को आधा काटकर छोड़ दिया गया है, जिससे पेड़ गिरने का खतरा बढ़ गया है। इस व्यस्त मार्ग पर स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित लोगों व वाहनों का आवाजाही निरंतर जारी रहता है। सूखे पेड़ की डालियां व शाखाएं कब किसी राह चलते वाहन या किसी राहगीर पर टूटकर गिर पड़ेगी कहा नहीं जा सकता। ऐसे में मुख्य मार्ग में चलने वाले राहगीरों, वहां के ग्रामीणों के जीवन पर खतरे के बादल मंडरा रहे है। थाना क्षेत्र के कई जगहों पर अन्य पेड़ भी इसी तरह सूखकर खड़ा है, जो दुर्घटना को दावत दे रहे है। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने जिला प्रशासन व वन विभाग के उच्चाधिकारियों से दुर्घटना को दावत दे रहा है।

## प्रखंड के 31वें बीडीओ बने करमाली




**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के नए बीडीओ देवलाल करमाली ने सोमवार को बतौर 31वें बीडीओ के रूप में योगदान दिया। इससे पहले उन्होंने प्रखंड के प्रभारी बीडीओ जागो महतो से मेराल प्रखंड स्थित उनके कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। उसके बाद प्रखंड कार्यालय पहुंचे नवनियुक्त बीडीओ ने कर्मियों से परिचय प्राप्त कर प्रखंड कार्यालय का भ्रमण किया। प्रखंड कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में लगी साइकिलों की लाइन देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। पूछने पर बीडीओ ने कहा कि सरकार की सभी तरह के जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना बिचौलिए के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर सीओ राजकुमार प्रजापति, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी, प्रधान लिपिक वीरेंद्र माझी, बीपीओ रंजन कुमार,एई राहुल कुमार, बीपीआरओ विकास कुमार, नाजीर उमेश कुमार रवि, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से हो रही है खाद्यान्न की कटौतीः लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** खाद्यान्न कटौती के मामले की शिकायत किए लगभग तीन महीने का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक संबंधित डीलर के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले को लेकर लाभुक इस्लामुद्दीन अंसारी, हसीना बेबी, विजय साहू, मंजूर अंसारी, खुर्शीद आलम, मुख्तार अंसारी इत्यादि लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। लाभुकों ने कहा कि डीलर पारसनाथ प्रसाद द्वारा हम लोगों के खाद्यान्न में प्रत्येक माह 100 ग्राम की कटौती की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने एमओ जसवंत नायक के पास लिखित शिकायत की थी। शिकायत के तीन महीने बीत जाने के बावजूद डीलर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे लाभुकों में निराशा और आक्रोश है। लाभुकों ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत के कारण डीलर द्वारा खाद्यान्न में कटौती की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अनियमितता की शिकायतों पर भी पदाधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लाभुकों ने



जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के बाद बिना देर किए एमओ द्वारा एक सप्ताह के अंदर मामले की जांच की गई थी। जांच करने पहुंचे सीआई राजेंद्र यादव को सभी लाभुकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। उन्हें रारो पंचायत का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां के लाभुकों के बीच बिना किसी कटौती के कई वर्षों से खाद्यान्न का वितरण हो रहा है। बावजूद इसके, इस डंडई पंचायत में शिकायत करने के बाद भी डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। आक्रोशित लाभुकों ने चेतावनी दी है कि यदि दो-चार दिन के अंदर डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे सीधे जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार के पास शिकायत करेंगे। गौरतलब है कि प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती का आरोप लगाते हुए डंडई गांव के डीलर पारसनाथ के खिलाफ कार्रवाई की मांग के लिए लाभुकों ने एमओ जसवंत नायक के पास शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले पर पूछे जाने पर एमओ जसवंत नायक ने कहा कि लाभुकों की शिकायत के आधार पर जांच कराई गई थी, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लिखित रूप से जानकारी दी कि संबंधित डीलर खाद्यान्न की कटौती नहीं कर रहा है, जिसके चलते डीलर को कार्रवाई से बरी कर दिया गया।

## वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात की



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत के 7वें कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित राजकमल से नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड पार्षदों ने सोमवार को नपं कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान वार्ड पार्षदों ने नए कार्यपालक पदाधिकारी को विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर राधा कृष्ण जी की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। वही वार्ड पार्षदों ने क्षेत्र की कई गंभीर समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही शहर में अतिक्रमण, मुख्य सड़क जाम, नाली, सड़क सहित समस्याओं से अवगत कराते हुए इसे निष्पादन करने का आग्रह किया।

### नपं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मुख्य उद्देश्य : राजकमल

नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए के लिए सभी के सहयोग से कदम उठाएंगे। किसी भी कार्यालय में सभी तरह के कार्यो का निष्पादन करने में कर्मी की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड पार्षदों को एक साथ लेकर नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण रूप से विकास करेंगे। आने वाले समय में श्री बंशीधर नगर का नाम जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने वार्ड पाषर्दो से भी सहयोग कि अपील की। बता दे कि नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल पाकुड़ जिले से नगर परिषद से आए है। जबकि तत्कालीन अमरेंद्र कुमार चौधरी का पाकुड़ जिले में स्थानांतरित हो गया है। मौके पर वार्ड पार्षदों में मुख्य रूप से नीरज कुमार, नसरूल्लाह खान, राजकुमार प्रसाद, रंजन कुमार छोटू, संदीप कुमार कमलापुरी, अनिल कुमार गुप्ता, सुधीर प्रजापति, एवं राजेश कुमार चंद्रवंशी उपस्थित थे।

## पूर्व के राज परिवारों ने क्षेत्र को उपेक्षित रखा : रौशन



**नवीन मेले संवाददाता**

**रमना।** आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार रौशन कुमार ने रमना प्रखंड में किया जन सम्पर्क। इस दौरान सिलिदाग ग्राम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की पिछले 68वर्षो तक इस विधान सभा से राज परिवार छोटे राजा और भानू प्रताप शाही ही चुनाव जीतते आ रहे हैं, लेकिन सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पलायन की समस्या जस के तस बनी हुई है। ये कल भी राजा थे और आज भी राजा हैं, लेकिन यहां के ग्रामीण जनता कल भी इन समस्याओं से ग्रस्त थी और आज भी ग्रस्त हैं। इन दोनों ने विधायक रहते हुए कभी भी उक्त समस्या से इस क्षेत्र के जनता को निजात दिलाने का काम नहीं किया। सरकारी शिक्षा को सुव्यवस्थित करने के बजाय निजी शिक्षा संस्थान खोल कर शिक्षा को व्यवसाय बना दिया। गरीबो को शिक्षा से ही वंचित कर दिया, ताकि गरीबों का बेटा पढ़कर अपना अधिकार के लिए उठ न सके। इस सभा को इंद्रजीत कुमार ने भी सम्बोधित किया। मौके पर प्रदीप कुमार, उमेश कुमार, सुगंध कुमार, विजय कुमार (पुष्पाराज ),अशोक कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, सचिन कुमार, राजू मौर्या काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# विशुनपुरा में योजना के क्रियान्वयन में फर्जीवाड़ा का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** गढ़वा सदर प्रखंड अंतर्गत विशुनपुरा पंचायत में प्रमुख दीपा कुशवाहा और उनके पति चंदन मेहता द्वारा 15वें वित्त आयोग के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही चरम पर है, जहां योजनाओं का प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, वहीं राशि की निकासी धड़ल्ले से की जा रही है। विशुनपुरा प्रमुख और पंचायत सेवक द्वारा धांधली की जा रही है, और सबसे चिंता की बात यह है कि इन शिकायतों के बावजूद जांच केवल खानापूर्ति तक सीमित है। सूत्रों के अनुसार, अभय गुप्ता के घर से पोखरा तक नाली निर्माण के नाम पर 42 हजार रुपये की निकासी करने का आरोप है, लेकिन इस स्थल पर कोई कार्य नहीं हुआ और न ही मेटेरियल गिराया गया। इसी तरह, विशुनपुरा थाना छठ घाट पर जलमीनार लगाने के नाम पर लगभग दो लाख उनचास हजार रुपये की फर्जी निकासी का आरोप है। सरांग में रघु सिंह के घर के पास जलमीनार निर्माण के लिए भी दो लाख उनचास हजार रुपये की फर्जी निकासी की गई है, जबकि यहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। स्थानीय लोगों और अमहर खास के बीडीसी भरदुल चंद्रवंशी ने पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार मधेसिया को इस मुद्दे की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन मामले को दबा दिया गया। नाली निर्माण और जलमीनार के बारे में पूछे जाने पर प्रमुख दीपा कुशवाहा ने कहा कि जहां स्थल है, वहां काम हो रहा है और हुआ है। वहीं, एसडीओ प्रभाकर मिर्घा ने कहा कि इस विषय में जानकारी प्राप्त हुई है। अगर ऐसा मामला है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## विसर्जन जुलूस

### भक्ति भाव के साथ मना दुर्गा पूजा

# नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी मां दुर्गा को विदाई



### मूर्ति विसर्जन के साथ शांति पूर्ण तरीके से दशहरा पर्व सम्पन्न

खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को भी विभिन्न पूजा समितियों द्वारा मूर्ति विसर्जन संपन्न किया गया। इस दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। विसर्जन के कार्यक्रम को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। बीडीओ रविन्द्र कुमार, सीओ विकास कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, बीपीएम नवीन प्रकाश और सीआई मोजिब खान ने पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इन अधिकारियों ने आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए समितियों को समय-समय पर निर्देशित किया। विसर्जन की प्रक्रिया के दौरान पुलिस बल के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मुस्तैदी से तैनात थे, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। विभिन्न घाटों पर प्रतिमाओं का विसर्जन धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न हुआ। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन के सहयोग की सराहना की और पर्व के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर संतोष जताया।

### चौक चौराहों पर रही पुलिस प्रशासन चौकस

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में अटूट, श्रद्धा, विश्वास और भक्ति भाव के साथ दुर्गा पूजा का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार को विभिन्न दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा नम आंखों से मां दुर्गा का मूर्ति का विसर्जन किया गया। इस क्रम में छाताकुड़ दुर्गा पूजा कमेटी, बांसडीह दुर्गा पूजा कमिटी, केतरी एवं केतार, मुकुन्दपुर दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार की शाम में की गयी। इससे पूर्व पूजा कमेटियों के द्वारा विसर्जन जुलूस निकाली गई। विसर्जन जुलूस में शामिल लोग भक्ति गानों पर थिरक रहे थे। इस दौरान चौक चौराहों पर पुलिस प्रशासन चौकस रही। इस क्रम में केतार बाजार स्थित पूजा समिति के द्वारा विधि विधान से प्रशासन की उपस्थिति में मूर्ति का उठाव कर बाजे-गाजे के साथ जय माता दी के जयघोष के साथ केतार एवं केतरी गांव का भ्रमण कराया गया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी दल-बल के साथ जूलूस के साथ गांव का भ्रमण कराते हुए पंडा नदी में मुर्ती का विसर्जन कराया। इससे पूर्व रविवार को अधिकांश जगहों पर मुर्ती विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया था। केतार पुजा कमिटी के द्वारा प्रशासन को गेरूआ गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, भरत प्रसाद, ओमकार कमलापुरी, बबलू पटेल, विजय पटेल, प्रिंस कुमार, कुमार सुर्या, युगेश चौधरी, विशाल कुमार, महादेव प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### शांतिपूर्ण तरीके से मां दुर्गा का विसर्जन



**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में नौ दिनों से चल रहे नवरात्र का पर्व और मूर्ति विसर्जन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न हो गया है। पर्व के संपन्न होने के बाद मूर्ति विसर्जन जुलूस भी शांतिपूर्ण तरिके से निकाला गया और प्रखंड मुख्यालय स्थित राजा तालाब मे मूर्ति का विसर्जन किया गया। धुरकी प्रखंड में विजयादशमी के दिन भी मूर्तियों का विसर्जन किया गया था, वहीं दुसरे दिन शेष मूर्तियों को विभिन्न पूजा क्लब कमेटी के द्वारा कहीं नम आंखों से तो कहीं डीजे की धुन पर सौहार्द के साथ जुलूस निकाला गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान निकाले गए जुलूस में अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, दलबल के साथ जुलूस की निगरानी के दौरान अपने ड्यूटी में दिखे। मूर्ति विसर्जन का जुलूस खाला गांव से निकाला गया। प्रखंड मुख्यालय में तीन स्थलों की मुर्तियों को भी निकाला गया और सभी मूर्तियों का जुटान गुलशन चौक पर हुआ। इसके बाद एकसाथ सभी मूर्तियों का जुलूस कर्पूरी चौक होते प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंचकर जुलुस का समापन किया। इसके बाद पुनः वापस शिव मंदिर के निकट राजा तालाब में पूजा कमेटी के लोगों ने सभी प्रतिमाओं को बारी-बारी से विसर्जन कर दिया गया। विसर्जन के साथ ही श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे और उद्घोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शांतिपूर्ण तरिके से जुलूस के साथ मूर्ति विसर्जन समाप्त होने के बाद थाना प्रभारी ने पूजा कमेटी स्थानीय ग्रामीण और सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत 75 स्थानों पर पूजा पंडाल रखा गया था और सभी क्षेत्रो में उन्होंने लगातार दस दिनों तक पंडालों का निगरानी किया था। थाना प्रभारी ने कहा कि 75 मूर्तियों का विसर्जन उनके देखरेख में शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न हो गया। इसका श्रेय थाना क्षेत्र के लोगों के अलावा सभी वर्ग के लोगों का उन्हें सहयोग मिला।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत



**विशुनपुरा।** गढ़वा प्रखंड मुख्यालय के श्री विष्णु मंदिर स्थित पोखरा चौक तालाब में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। युवक की पहचान विशुनपुरा निवासी सीताराम चंद्रवंशी के 19 वर्षीय पुत्र रंजन चंद्रवंशी के रूप में हुई है। घटना रविवार 4 बजे शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चार युवक नहाने के लिये तलब में गये थे। नहाते समय सभी पानी मे अनियंत्रित हो गये। उसके बाद तीन युवक किसी तरह तलाब से बाहर निकल आए। एक युवक पानी मे डूब गया था। इसके बाद युवकों ने इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दिया। घटना की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। जिसके बाद स्थल पर सैकड़ों लोगोंकी भीड़ लग गयी। युवक की स्थानीय तैराकों द्वारा तलाब में लगभग चार पांच घंटा खोजबीन किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाना को दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने घटना की जानकारी लिया। उसके बाद थाना प्रभारी ने अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा व एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह बंशीधर नगर को घटना के संबंध में जानकारी दिए। तत्पश्चात देर रात अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्घा व एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया व एनडीआरएफ बिहटा टीम को सूचना दिया।

### शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत होगी

**केतार।** झारखंड के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चतुभुर्जी भगवती मंदिर परिसर में श्री श्री 108 श्री महंत रामेश्वर दास जी महाराज के तत्वावधान में 13 फरवरी से शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत होगी। वहीं 20 फरवरी को 11 अनाथ बेटियों की शादी होगी। 21 फरवरी को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। यज्ञ के आयोजन के लिए विजयादशमी के दिन शनिवार को शुभ मुहूर्त में स्थानीय श्रद्धालुओं ने जय माता दी के गगनभेदी उदघोष के साथ महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज के निदेर्शानुसार झंडा गाड़ कर उसका विधिवत पूजन किया। मंदिर परिसर में होने वाले यज्ञ और सामूहिक शादी के सफल आयोजन के लिए राजीव रंजन तिवारी को अध्यक्ष, पंकज कुमार सिंह को सचिव, विक्रांत कुमार सिंह उर्फ सोनू को उपाध्यक्ष, विनोद भगत को कोषाध्यक्ष और राज कुमार पाठक को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही सांसद, विधायक और मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी को संरक्षक बनाया गया। जानकारी देते हुए सचिव हेमंत पाठक ने बताया कि महायज्ञ में कथावाचक देवी प्रतिभा की अमृत वाणी प्रत्येक दिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक होगी। वहीं रात आठ बजे से वृंदावन से आने वाले कलाकारों के द्वारा रासलीला का भव्य मंचन होगा। उसकी तैयारी शुरू हो गई है। मौके पर महंत श्री रामेश्वर दास जी महाराज, मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मुखिया प्रमोद महाजन, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र कमलापुरी, कुंडल सिंह, पंकज सिंह, राम विचार साहू, अजय वर्मा, विनोद भगत हेमंत पाठक, राजीव रंजन तिवारी, पुजारी बाल मुकुंद पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सम्मानित किए गए पंचायत के गणमाण्य लोग

**कांडी।** पंचायत मुखिया विजय राम के सौजन्य से शनिवार को देवी मंदिर के प्रांगण में नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में पेयजल व स्वच्छता विभाग हुसैनाबाद के एसडीओ राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। सम्मान समारोह में कांडी पंचायत के विभिन्न गांवों से आये गणमान्य लोगों को माला पहनाकर व शॉल देकर मुखिया ने सम्मानित किया। वहीं बीडीसी ममता देवी ने तीन महिलाओं को साड़ी व श्रृंगार का सामान देकर सम्मानित की। उसके साथ ही देवी धाम दुगार्पूजा कमिटि के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को भी माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर मुखिया ने सम्मानित किया। उक्त अवसर पर मुखिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों के सहयोग से ही पंचायत का विकास हो पा रहा है। दुगार्पूजा के आयोजन में भी आप सभी का भरपूर सहयोग व उचित सलाह मिला है। उक्त कारण इतना बड़ा आयोजन सफल हो पाया है। साथ ही उन्होंने दुगार्पूजा आयोजन कमिटि के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के कार्य क सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पेयजल विभाग हुसैनाबाद के एसडीओ राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आपसी एकता को लेकर कांडी की अपनी एक खास विशेषता रही है। किसी भी मौके पर कांडी के लोग आपसी भाईचारे व एकता का मिशाल पेस करते आये हैं। दुर्गा पूजा कमिटि के पदाधिकारियों ने मुखिया को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए।

### उपायुक्त की अगुवाई में शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित

# पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 10वीं बोर्ड परीक्षा और 12वीं की परीक्षा में लोहरदगा जिला की स्थिति, जिला में दोनों परीक्षाओं मे अनुत्तीर्ण रहनेवालों की संख्या, यू-डायस प्लस में सूचनाओं का अद्यतन, आधार अपडेशन, पाठ्य-पुस्तक का वितरण, साईकिल क्रय के लिए राशि का वितरण, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय व झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन की स्थिति आदि बिंदुओं की गहनता से समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर समेत सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।



## पेशरार में मिशन वात्सल्य योजना पर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत , सीता पुष्पा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं वीरेंद्र कुमार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के संयुक्त मार्गदर्शन दिनांक - 14.10.2024 में पेशरार प्रखंड कार्यालय लोहरदगा मिशन वातसल्य योजना :एक परिचय विषय पर मुख्य अतिथि अजय तिर्की , प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेशरार,लोहरदगा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अजय तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी , पेशरार,लोहरदगा के द्वारा संबंधित कार्यशाला में उद्बोधन कि आज हमारे समाज में बाल सुरक्षा अति महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने समाज में आज विकृति की स्थिति में कहा कि बाल विवाह ,चाइल्ड ट्रैफिकिंग/ बाल श्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। हमें सामाजिक एकजुट से गांव एवं पंचायत स्तर में जागरूक होना होगा जिससे हम समाज के बच्चों को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभा सके।₹ परवेज आलम , संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थानिक देखरेख , लोहरदगा के द्वारा कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान देते हुए कहा कि बाल सुरक्षा व बाल अधिकार हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रतिबद्ध रूप से एक कानून किशोर न्याय अधिनियम तहत मिशन वात्सल्य योजना लागू है।



# सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

स्कूटी व मोटरसाइकिल के टक्कर में भड़गांव तालाब के समीप चार किशोर घायल हो गये. जिन्हें परिजन व ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया. विदित हो कि घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव तालाब के समीप एन एच 143 ए पथ में लोहरदगा घाघरा मार्ग में हुआ.प्राप्त जानकारी के मुताबिक बता दें कि एम टी मोटरसाइकिल जे एच 08 के 0430 पर सवार किशोर कंडरा की ओर जा रहा था. इसी बीच भड़गांव ग्राम की ओर से स्कूटी निकला और दोनो में टक्कर हो गया जिसमें चार लोग घायल हो गये. सभी घायलों को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिये भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया गया.इलाज के पश्चात चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं. वही घायल की पहचान भड़गांव निवासी संतोष उराँव का 19 वर्षीय पुत्र कार्तिक उराँव ,बंधनु पाहन का पुत्र गहनु उराँव तथा मुर्की निवासी सोमारू उराँव का 16 वर्षीय पुत्र संदीप उराँव मुर्की जतरा बगीचा और पुनई उराँव का 16 वर्षीय पुत्र निर्मल उराँव मुर्की निवासी के रूप में किया गया वही बताया जाता है.कि घटना के पश्चात कार्तिक उराँव के परिजनों ने एमटी मोटरसाइकिल जे एच 08 के 0430 को पकड़ आपने घर मे रखा है.घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पंहुच सेन्हा पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने शांतिपूर्ण दशहरा संपन्न होने पर आभार जताया





**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, लोहरदगा जिले के सभी सनातन धर्मावलंबियों को शांतिपूर्ण रूप से दशहरा का त्यौहार संपन्न कराने में सहयोग प्रदान के लिए धन्यवाद ज्ञापन करती है। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा उर्फ संतोष लकड़ा और महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने संयुक्त रूप से दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ संपन्न करने के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला पुलिस कप्तान हरीश बिन जमा, जिला अनुमंडल पदाधिकारी, जिला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डी एस पी हेड क्वाटर,जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी संरक्षक गण, पदाधिकारियों, सदस्यों, अग्निशमन, धार्मिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं सहित पूरे लोहरदगावासियों का आभार प्रकट करती है।

## लौहवंशी विश्वकर्मा समाज ने वरिष्ठजनों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला विश्वकर्मा समाज लौहवंशी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विजयादशमी के मौके पर समाज के श्रेष्ठजनों, गुरुजनों, बड़े-बुजुर्गों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें समाज के अध्यक्ष दीपक कर्मकार उपाध्यक्ष भीम विश्वकर्मा, सहसचिव उत्तम विश्वकर्मा, रुचिर मृगेंद्र, संरक्षक दिलीप विश्वकर्मा, जगदीश विश्वकर्मा, वरुण विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, जवाहर विश्वकर्मा, लीला देवी, नंदिता कर्मकार, शारदा कर्मकार, राखी विश्वकर्मा व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर महेश विश्वकर्मा, सेतु बांध शर्मा, शांति देवी किरण देवी, शंकर विश्वकर्मा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष दीपक कर्मकार ने कहा कि समाज को बेहतर बनाने में बुजुर्गो और बड़ों का हाथ है। इस दिन समाज के सभी बड़े जनों और बुजुर्गो को सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। साथ ही अपने आने वाले पीढ़ी को भी इस चीज का ज्ञान देना आवश्यक है।

## ऑक्सब्रिज स्कूल हिरही ने मंजूर मती हाई स्कूल को आठ विकेट से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल अंडर 16 क्रिकेट टूनामेंट में आज दो मैच खेले गए पहले मैच में ऑक्सब्रिज स्कूल हिरही ने मंजूर मती हाई स्कूल लोहरदगा को आठ विकेट से पराजित कर दिया वर्षा से बाधित दूसरे मैच में डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार केंद्रीय विद्यालय बरही ने सरस्वती विद्या मंदिर को 30 रनो से पराजित कर दिया. टॉस जीतकर पहले खेलते हुए मंजूरमति स्कूल की टीम निर्धारित 20 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम सिर्फ 18.5 ओवर ही खेल पाई मंजूरमती टीम की ओर से मनीष उरांव ने 23 रन बनाया । ऑक्सब्रिज की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमन अनीश ने चार विकेट लिया तथा दीपक कुमार ने तीन विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए ऑक्सब्रिज की टीम 12.1 में दो विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। ऑक्सब्रिज की ओर से शादाब सरवर ने सर्वाधिक 42 रन का स्कोर खड़ा किया। दूसरे मैच में टॉस जीतकर केंद्रीय विद्यालय हिरही की टीम ने 18.5 ओवर में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम की ओर से पिंटू मिश्रा ने सर्वाधिक 19 रन बनाए विद्या मंदिर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित कुमार ने तीन विकेट लिया तथा सुमित और अस्मित ने दो-दो विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उतरी विद्या मंदिर की टीम 13 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाया विद्या मंदिर की ओर से अंकित कुमार ने 26 रन बनाया केंद्रीय विद्यालय की ओर से रणवीर सहदेव और आर्या ने दो-दो विकेट लिया।



## सढ़ाबे पहाड़ में लगने वाले जतरा मेला के लिए टीम चयनित



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो/लोहरदगा**

प्रखंड के सढ़ाबे पहाड़ में लगने वाला जतरा मेला के लिए सर्वसमिति से टीम का चुनाव किया गया। जिसमे अध्यक्ष राम उराव, उपाध्यक्ष राजेंद्र महतो, किशोर उराव, लखन उराव ,बुधराम उराव ,चिखु उराव सचिव, राजेश्वर भगत, मनोज यादव, बोलवा उराव, कोषाध्यक्ष शशि उराव, फूलकुमार भगत, रोहित उराव, संरक्षक ग्राम प्रधान सानिया भगत, मुखिया सुमित्रा उराव, पंसस सीमा भगत, पहान कर्मदयाल भगत, पुजार सकलू उराव, मोनिटिंग टीम भओका उराव ,धनेश्वर साहू, गोबर्धन उराव को चुना गया। मौके पर नागो उराव, जशिंग उराव, संदीप उराव, बिक्रम उराव, गोबर्धन उराव, अमित उराव, धुचु उराव ,चमरा उराव ,संजय उराव, बुधवा उराव ,भीम, राकेश, बिनोद, पांचू महली, रबी उराव ,प्रदीप महली, सुनील उराव, सुबोध साहू संदीप, सीटू उराव ,देनी साहू ,गजु भगत, तुलसी उराव इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे सर्वसमिति से निर्णय लिया गया की प्रतेक वर्ष की भाती इस वर्ष भी मेला में लगभग 50 खोड़ा को निमंत्रण दिया जाएगा साथ ही तीन गांव को भून्यारी बुलाया जाएगा और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खोड़ाहा को पुरसस्कृत किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।**
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.:-337090 District(24-25)#D, Tender Reference No.-.-09/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25 Date -24.09.2024** कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:-

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.10.2024 | 15.10.2024 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.10.2024 03:00 PM | 22.10.2024 03:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18.10.2024 3:00 PM | 23.10.2024 3:00 PM |

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 338845 Building(24-25)D


## भंडरा के मसमानो में जतरा आयोजित



**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो सोमवार बाजार बगीचा में जतरा आयोजन समिति मसमानो ठाकुर गांव के बैनर तले परंपरागत जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी वेशभूषा व पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ क्षेत्र के लोग शामिल हुए। अपनी कला, संस्कृति, ढोल, मांदर, नगाड़ा व क्षेत्रीय जतरा गीत से क्षेत्र को जतरामय बना दिया। जतरा में क्षेत्र के लालपुर, मादा, तिगरा पहान टोली, तिगरा बड़का टोली, ईटा, मसमानो टांगरटोली, बरवाटोली सहित अन्य गांव के खोड़हा दल शामिल होकर संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। जतरा में शामिल होने वाले लोगों ने जमकर खेल खिलौने व मिठाई की खरीदारी करते हुए एक दूसरे से मिलकर खुशी जाहिर की। परंपरागत जतरा कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद मार्गदर्शक मंडल के झारखंड प्रदेश संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता बालकेश्वर साहू, त्रिभुवन नाथ शाहदेव, लाल देश नाथ शाहदेव, लाल त्रिविक्रम लाल नाथ शाहदेव, शिक्षक बुधराम उरांव, देवराज भगत, कलेश्वर साहू, लाल निरंजन नाथ शाहदेव सहित शामिल हुए।

# भारी बारिश के बावजूद आंगनबाड़ी सेविकाओं ने किया धरना-प्रदर्शन



**लोहरदगा।** लोहरदगा समाहरणालय के सामने भारी बारिश के बावजूद धरना प्रदर्शन कर रही हैं आंगनबाड़ी सेविकाएं। इस दौरान सेविकाओं ने कहा कि सरकार उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं कर रही है। किए गए वादे से भी मुकर रही है। मईया योजना में राशि बढ़ा रही है लेकिन हाड़तोड़ मेहनत करने वाली, सरकार की कई योजनाओं और कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालन करने वाली सेविकाओं को सम्मानजनक मेहनताना देना सरकार की इच्छा नहीं है।


**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला शस्त्र शाखा)**
दूरभाष सं0-06562-224033 (का)/224044(आ) Email Id: dc-pal@nic.in

**आम-सूचना**

आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पलामू जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक-14.10.20204 से 17.10. 2024 तक अपने शस्त्र का सत्यापन शस्त्र निर्गत किये जाने वाले थाने से कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/-
उपायुक्त, पलामू

PR 338764 (Palamu)24-25*D


## तालाब में डूबने से युवती की मौत



**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उदरंगी गांव में सोमवार को तालाब में डूबने से युवती की मौत हो गई। मृतिका की पहचान उदरंगी गांव निवासी फुचू उरांव की पुत्री रूमा कुमारी के रुप में हुई है। युवती की तालाब में डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने रूमा को तालाब से निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह व उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रूमा अपनी मां के साथ तालाब नहाने गई हुई थी।

## लोहरदगा के सभी थानों में नियुक्त हुए पीएलवी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नालसा, नई दिल्ली व झालसा, रांची के निदेशानुसार 39 नए पीएलवी का पैनल लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा तैयार किया गया है । 14 अक्टूबर 2024 को डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में सचिव राजेश कुमार ने थानों में नव नियुक्त 10 पीएलवी के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने सभी पीएलवी को नालसा, नई दिल्ली व झालसा, रांची के निदेशानुसार किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए थानों में गरीब व निस्सहाय को त्वरित नयाय के लिए सचची लगन और ईमानदारी पूर्वक करने की बात कही। वहीं उन्होंने बताया कि नालसा, नई दिल्ली व झालसा, रांची के आदेशानुसार 39 नए पीएलवी का चयन साक्षात्कार द्वारा किया गया था। जिसमें 10 पीएलवी को जिले के विभिन्न थानों में नियुक्त किया गया है। जहां सभी पीएलवी निदेशानुसार अपने कार्यों को करेंगे। वहीं उन्होने बताया कि अन्य पीएलवी को आदेश प्राप्ति के बाद जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में नियुक्त किया जाएगा। वहीं कुडू और सेन्हा थाना में पूर्व से कार्यरत पीएलवी के द्वारा नव नियुक्त पीएलवी से कायार्नुभव साझा किया गया।





**कार्यालय,असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा**
**(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)**

विज्ञापन संख्या-06/2024-25 दिनांक-14.10.2024
**संविदा आधारित नियुक्ति-सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-06/2024-25 दिनांक-14.10.2024 गढ़वा जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर Upload किया गया है।

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए गये पद की अर्हत्ता के अनुसार, निबंधित डाक से निर्धारित अंतिम तिथि 30.10.2024 तक असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के पते पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञापन में दिए गये शर्तों एवं निर्देश के आलोक में सुस्पष्ट अक्षर/कम्प्यूटरीकृत आवेदन पत्र को भरकर वांछित सभी कागजातों के साथ जमा करेंगे। त्रुटिपूर्ण, अधूरा अथवा अस्पष्ट, अपठनीय आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति संबंधी अन्य सुचनाएँ अधिकारिक रूप से समय-समय पर, समाचार-पत्र एवं जिले के बेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR 338802 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D


# 'मिशन वात्सल्य योजना : एक परिचय' विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू प्रखंड कार्यालय में मिशन वात्सल्य योजना : एक परिचय विषय पर कार्यक्रम का आयोजन कुडू में किया गया। कार्यक्रम में प्रवेश कुमार साव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुडू, प्रखंड, लोहरदगा ने कार्यक्रम में कहा कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत 0 से 18 वर्ष के बालकों के लिए सुरक्षा एवं विकास की दृष्टिकोण से एक महत्वाकांक्षी योजना है। बाल श्रम आज हमारे समाज के लिए अभिशाप है।

बाल श्रम कराना कानूनी रूप से अपराध है। आप सभी अपने क्षेत्र के दुकान, ढाबा और आवासीय व्यवस्था में घरेलू कार्य कर रहे बालक की सूचना आवश्यक रूप से जिला प्रशासन या संबंधित विभाग को सूचना करें जिससे हम बालकों की बचपन सुरक्षित करने में हम सभी का अहम योगदान हो सकता है। बाल विवाह समाज के लिए एक सामाजिक कुरीति के रूप में आज भी व्यापक रूप से देखा जाता है हम सभी को बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए 21 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जिससे स्वस्थ समाज की स्थापना हो सके। सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कार्यशाला में संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त करके अपने पड़ोसी , गांव एवं पंचायत स्तर पर जरूर प्रसारित करें ताकि लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता एवं जवाबदेही की भावना उत्पन्न हो।

कुंती साहू, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, लोहरदगा के द्वारा उद्बोधन में कहा कि मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमें बाल श्रम चाइल्ड ट्रैफिकिंग एवं बाल विवाह तथा संबंधित योजनाओं की जागरूकता अधिक किया जाना चाहिए जिससे समाज के प्रत्येक नागरिक को बच्चों को सुरक्षित संरक्षित एवं विकास में मदद मिल सके। अनुरंजन कुमार, संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत - देखरेख) लोहरदगा के द्वारा कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान देते हुए कहा कि बाल सुरक्षा व बाल अधिकार प्रदान करने हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रतिबद्ध रूप से एक कानून किशोर न्याय अधिनियम लागू है। जिसके अंतर्गत जिला में जिला प्रशासन ,पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक प्रशासन के माध्यम से कटिबंध रूप से कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में संरक्षण पदाधिकारी -गैर संस्थागत देखरेख, अमित तिवारी, अखिलेश्वर पांडे ,सोशल वर्क महिला प्रवेक्षिका निशु महतो, कमला देवी, सुलोचना टुडू, जीतवाहन उरांव, आउटरीच वर्कर तथा पंचायत प्रतिनिधि /सेविकाएं / प्रखंड स्तरीय कार्यालय के कर्मी इत्यादि मौजूद थे।




### झामुमो की प्रखंड कमेटी ने निकोलस सुरीन को किया निष्कासित

**बसिया (गुमला)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रखंड कमिटी की बैठक में आज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष निकोलस सुरीन को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। इस फैसले की पुष्टि करते हुए प्रखंड सचिव सुकरात उराँव ने कहा कि सुरीन पिछले लोकसभा चुनावों से ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन के खिलाफ एक निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थन में काम किया था और अब जिग्गा सुसरण होरो के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, जो स्थानीय विधानसभा की लोकप्रियता को प्रभावित करने का प्रयास है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए निकोलस सुरीन ने कहा कि उन्होंने झामुमो के संकल्प के अनुसार जल, जंगल, जमीन और खतियानी उम्मीदवार की मांग की है। लेकिन वर्तमान विधायक की जनविरोधी और सामंती मानसिकता के कारण उनकी मांगें अस्वीकार्य हो गई हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:-19/2024-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :- भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :- 25/10/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- 26/10/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :- 26/10/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :- 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :- क्रमांक-6 के क्र0सं0-1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:- | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर अस्पताल, गढ़वा परिसर में जल बहाव हेतु ड्रेनेज कार्य। | ₹ 24,99,500.00 | ₹ 50,000.00 | ₹ 5000.00 | 01 माह |
| 2 | Construction of Portable Porta Cabin at Campus of Civil Court Nagar Untari. | ₹ 3,73,300.00 | ₹ 7500.00 | ₹ 750.00 | 07 दिन |
| 3 | Construction of Portable Porta Cabin at Campus of Civil Court Garhwa. | ₹ 7,46,600.00 | ₹ 15,000.00 | ₹ 1250.00 | 15 दिन |
| 4 | Construction of Boundary Wall in District Agriculture Garwha. | ₹ 35,47,400.00 | ₹ 71,000.00 | ₹ 5000.00 | 01 माह |
| 5 | Construction of P.C.C. Road in Campus of Family Judge Quarter at Garhwa. | ₹ 9,75,300.00 | ₹ 19,600.00 | ₹ 1250.00 | 15 दिन |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।


नोट:- ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण-पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

*PR 338819 (Building)24-25*D*

# रुक-रुक कर हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित

## फसलों और स्वास्थ्य पर संकट



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
सोमवार को गुमला जिले में रुक-रुक कर हुई हल्की बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। इस बेमौसम बारिश ने न केवल जनजीवन को प्रभावित किया, बल्कि खेतों में खड़ी फसलों और स्वास्थ्य पर भी संकट के बादल मंडरा दिए हैं। मौसम में अचानक आए बदलाव से ठंडक बढ़ गई, जिससे लोगों को अपने रोजमर्रा के कामकाज में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### फसलों को नुकसान की आशंका, किसानों में चिंता

बारिश का सबसे गहरा असर किसानों पर पड़ा है, जिनकी धान और अन्य खरीफ फसलें पकने के कगार पर हैं। लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों के सड़ने और उत्पादन में कमी की आशंका पैदा हो गई है। किसान इस मौसम की मार से चिंतित हैं, क्योंकि अगर बारिश यूं ही जारी रही, तो उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलभराव और लगातार नमी फसलों की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक असर डाल सकती है, जिससे किसानों को आर्थिक हानि हो सकती है।

### प्रशासन और कृषि विभाग की अपील

इस स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं और खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग ने बदलते मौसम में साफ-सफाई का ध्यान रखने और बीमारियों से बचाव के लिए प्राथमिक उपाय अपनाने की सलाह दी है।

गुमला में हो रही इस रुक-रुक कर बारिश ने एक तरफ किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है, तो दूसरी ओर आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है।

ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभागों को तत्परता से काम करने की आवश्यकता है ताकि इस प्राकृतिक संकट से लोगों को राहत मिल सके।

# कुत्तों के दौड़ाने से अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, घायल



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काड़ीह के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर गुमला पुग्गू निवासी बादल बड़ाइक और उसकी छोटी बहन अरांसी कुमारी घायल हो गई। वहीं ग्रामीणो के सहयोग से घायल अवस्था में दोनों को टेंपो में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे जहां चिकित्सक ने दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद बादल बड़ाइक को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के मिली जानकारी के अनुसार बादल अपनी छोटी बहन को मोटरसाइकिल पर कलहेपाट बिरसा उरांव पब्लिक स्कूल हॉस्टल पहुचाने जा रहा था। इसी क्रम में बड़काड़ीह के समीप एक कुत्ता सड़क पर अचानक दौड़ गया जिससे यह घटना घटी ।

# जिले में विधानसभा चुनाव के लिए स्वीप गतिविधियों की शुरूआत

**गुमला।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गुमला जिले में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। सोमवार से जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप सेल (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) सक्रिय हो गई है। स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी ने मासिक कैलेंडर जारी करते हुए बताया कि हर दिन के लिए विशेष गतिविधियों की सूची तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य 80% से अधिक मतदान सुनिश्चित करना है। आज से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की शुरूआत की गई, और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक कर सभी को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही, गुमला जिला प्रशासन ने चुनाव से जुड़ी गतिविधियों के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पुनः सक्रिय किया है। नागरिकों से अपील है कि वे फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अकाउंट को फॉलो कर चुनावी गतिविधियों से अपडेट रहें।

# गुमला में पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी

**गुमला।** गुमला पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने 14 अक्टूबर 2024 को एक आदेश जारी कर विभिन्न पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण की घोषणा की है। इन अधिकारियों को नए थाना/प्रतिष्ठान में तैनात किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, निम्नलिखित पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है:

**मुकेश प्रसाद डूड** – रायडीह थाना से थाना प्रभारी, सुसनांग।
**सतीश कुमार सिंह** – थाना प्रभारी, सुसनांग से थाना प्रभारी, सिसई।
**युधिष्ठिर कुमार प्रजापति** – रायडीह थाना से थाना प्रभारी, बसिया।
**संदीप कुमार यादव** – थाना प्रभारी, सिसई से पुलिस केंद्र, गुमला।
**सुनील रविदास** – थाना प्रभारी, बसिया से पुलिस केंद्र, गुमला।

सभी स्थानांतरित अधिकारी तुरंत अपनी नई पोस्टिंग पर रिपोर्ट करेंगे। आदेश का अनुपालन करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक, दक्षिणी क्षेत्र, रांची से अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

इस आदेश की सूचना पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों और अन्य आवश्यक विभागों को दी गई है, जिससे स्थानांतरण कार्यों को शीघ्रता से लागू किया जा सके।

# करमा नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, मुख्य अतिथि गुमला के विधायक भूषण तिर्की रहे



**जारी।** चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड अंतर्गत भिखमपुर पारिश मैदान में करमा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि गुमला विधानसभा के विधायक भूषण तिर्की रहे करमा नृत्य प्रतियोगिता में कुल 26 नृत्य मंडली शामिल हुई सभी नृत्य मंडलियों को माननीय विधायक भूषण तिर्की के द्वारा डेग देकर सम्मानित किया साथ ही संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को आदिवासियों से मोहब्बत नहीं है बल्कि आदिवासियों के जमीन एवं झारखंड के खनिज संपदा से प्यार है ईसाई मिशनरियों के विद्यालयों को भाजपा सरकार के द्वारा बंद किया गया था जब हेमंत सोरेन सरकार में आया तो पुनः ईसाई मिशनरियों के विद्यालय को खोलने का काम किया साथ ही विद्यालयों के शिक्षकों की बहाली पर भी रोक लगा दिया।

# शराब के नशे में पति ने की पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जयपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां शराब के नशे में एक पति ने अपनी पत्नी की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना रविवार की देर रात की है जब 40 वर्षीय अनीश एक्का ने अपनी 37 वर्षीय पत्नी रजनी एक्का की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। अनीश एक्का शराब के नशे में अपनी पत्नी से झगड़ रहा था। जिसके बाद उसने लाठी से पीट-पीटकर अपनी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# मुख्यमंत्री की घोषणा का गुमला के युवाओं ने किया जोरदार स्वागत

**गुमला।** मुख्यमंत्री द्वारा नर्सिंग के क्षेत्र में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने की घोषणा का गुमला के युवाओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया है। अब तक नर्सिंग पेशे में महिलाओं और युवतियों का वर्चस्व रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग में पुरुषों की भागीदारी भी जरूरी है ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त किया जा सके।


## समाहरणालय, लातेहार

(भू–अर्जन शाखा)

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना

(देखें नियम 6 का उप–नियम(1)

संख्या– /भू0 अ0दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–रेंची चादर–II में भूमि का रकबा–**276.90** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा–रेंची अंचल–चन्दवा जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–रेंची चादर–II थाना नं0–248 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चनदवा जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 231 | रेंची चादर –II | 85 | 563 | टांड दो | 0.63 | 0.63 | रजु उरांव, पिता–भगवान उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। व सुर्या उरांव पिता–भागवती उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। | रजु उरांव, पिता–भगवान उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। व सुर्या उरांव पिता–भागवती उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। | उत्तर– रामवृक्ष सिंह दक्षिण– रास्ता |
| 232 | रेंची चादर –II | 85 | 580 | टांड दो | 0.89 | 0.89 | रजु उरांव, पिता–भगवान उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। व सुर्या उरांव पिता–भागवती उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। | रजु उरांव, पिता–भगवान उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। व सुर्या उरांव पिता–भागवती उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम। | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– बलकु उरांव |
| 233 | रेंची चादर –II | 86 | 804 | धान दो | 0.37 | 0.37 | राधा देवी, पति–धर्मदेव साव, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम | राधा देवी, पति–धर्मदेव साव, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम | उत्तर– रामवृक्ष सिंह दक्षिण– शोभा उरांव |
| 234 | रेंची चादर –II | 87 | 838 | धान दो | 0.84 | 0.84 | रामदेव उरांव, पिता–मोहन उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामदेव उरांव, पिता–मोहन उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– शांति देवी दक्षिण– शांति देवी |
| 235 | रेंची चादर –II | 88 | 527 | टांड दो | 1.66 | 1.66 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– रास्ता दक्षिण– रमेश्वर प्रसाद |
| 236 | रेंची चादर –II | 88 | 530 | टांड दो | 0.99 | 0.99 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– रास्ता दक्षिण– रमेश्वर प्रसाद |
| 237 | रेंची चादर –II | 88 | 532 | टांड दो नई परती एक साल | 0.24 | 0.24 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– राजु उरांव |
| 238 | रेंची चादर –II | 88 | 534 | टांड दो नई परती एक साल | 0.05 | 0.05 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– रजुवा उरांव दक्षिण– निज |
| 239 | रेंची चादर –II | 88 | 562 | टांड दो नई परती एक साल | 0.94 | 0.94 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– राजु उरांव |
| 240 | रेंची चादर –II | 88 | 586 | टांड दो नई परती | 1.19 | 1.19 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– कन्दवा उरांव |
| 241 | रेंची चादर –II | 88 | 795 | धान दो | 0.44 | 0.44 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– शांति देवी दक्षिण– रजवा ठाकुर |
| 242 | रेंची चादर –II | 88 | 802 | धान दो | 0.08 | 0.08 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– शांति देवी दक्षिण– रामवृक्ष सिंह |
| 243 | रेंची चादर –II | 88 | 803 | धान दो | 0.63 | 0.63 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– निज दक्षिण– शोभा उरांव |
| 244 | रेंची चादर –II | 88 | 805 | धान दो | 0.86 | 0.86 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– लाल मोहन सिंह दक्षिण– राधा देवी |
| 245 | रेंची चादर –II | 88 | 807 | धान दो | 0.23 | 0.23 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– शांति देवी दक्षिण– निज |
| 246 | रेंची चादर –II | 88 | 808 | धान दो | 1.20 | 1.20 | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | रामवृत सिंह वो वन्धन सिंह, पिता–खेमन सिंह अंश समान, जाति–देशवारी, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग। | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 247 | रेंची चादर –II | 89 | 356 | धान दो | 0.92 | 0.92 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– भुनेश्वर दक्षिण– वसंत लाल साह |
| 248 | रेंची चादर –II | 89 | 466 | धान दो | 2.21 | 2.21 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– निज दक्षिण– चरवा उरांव |
| 249 | रेंची चादर –II | 89 | 467 | धान दो | 1.95 | 1.95 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– मोटाआर दक्षिण– निज |
| 250 | रेंची चादर –II | 89 | 473 | धान दो | 0.40 | 0.40 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– तेजन लोहार दक्षिण– मोटाआर |
| 251 | रेंची चादर –II | 89 | 507 | टांड दो नई परती एक साल | 0.74 | 0.74 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– रामवृक्ष सिंह दक्षिण– रजवा ठकुराइन |
| 252 | रेंची चादर –II | 89 | 513 | धान दो | 1.84 | 1.84 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– रास्ता दक्षिण– बलकु उरांव |
| 253 | रेंची चादर –II | 89 | 515 | धान दो | 0.14 | 0.14 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– रास्ता दक्षिण– बांध |
| 254 | रेंची चादर –II | 89 | 528 | टांड दो | 2.45 | 2.45 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– रामवृक्ष सिंह दक्षिण– रास्ता |
| 255 | रेंची चादर –II | 89 | 529 | मकान मय शहन | 0.09 | 0.09 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– दक्षिण– |
| 256 | रेंची चादर –II | 89 | 535 | टांड दो नई परती | 0.56 | 0.56 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– वुद्धू महतो दक्षिण– रास्ता |
| 257 | रेंची चादर –II | 89 | 564 | टांड दो | 0.31 | 0.31 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– रामवृक्ष सिंह दक्षिण– रास्ता |
| 258 | रेंची चादर –II | 89 | 566 | पुरानी परती | 0.34 | 0.34 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– दक्षिण– |
| 259 | रेंची चादर –II | 89 | 851 | टांड दो | 1.33 | 1.33 | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | रामेश्वर प्रसाद, पिता–बिरंची साहु, जाति–सौन्डिक, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग | उत्तर– दुर्गा ठाकुर दक्षिण– पुरानी परती |
| 260 | रेंची चादर –II | 90 | 774 | टांड दो | 0.22 | 0.22 | लक्ष्मी नरायण साहु, पिता–रामलाल साहु, जाति–सूड़ी, निवासी–निजग्राम। | लक्ष्मी नरायण साहु, पिता–रामलाल साहु, जाति–सूड़ी, निवासी–निजग्राम। | उत्तर– वैजनाथ साह दक्षिण– नाला |
| 261 | रेंची चादर –II | 91 | 331 | टांड दो | 0.45 | 0.45 | लादु उरांव, पिता–बरिया उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग। | लादु उरांव, पिता–बरिया उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग। | उत्तर– निज दक्षिण– मदन सिंह |
| 262 | रेंची चादर –II | 91 | 336 | टांड दो | 0.15 | 0.15 | लादु उरांव, पिता–बरिया उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग। | लादु उरांव, पिता–बरिया उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग। | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– वसंत लाल सिंह |
| 263 | रेंची चादर –II | 93 | 758 | टांड दो | 0.98 | 0.98 | लाल मोहन सिंह, मानकी सिंह वो कालेश्वर सिंह वो वागेश्वर सिंह, पिता–वासदेव सिंह अंश समान,जाति–राजपूत, निवासी–रजवार पत्रालय बालूमाथ। | लाल मोहन सिंह, मानकी सिंह वो कालेश्वर सिंह वो वागेश्वर सिंह, पिता–वासदेव सिंह अंश समान,जाति–राजपूत, निवासी–रजवार पत्रालय बालूमाथ। | उत्तर– रास्ता दक्षिण– नहर |
| 264 | रेंची चादर –II | 93 | 798 | टांड दो | 0.38 | 0.38 | लाल मोहन सिंह, मानकी सिंह वो कालेश्वर सिंह वो वागेश्वर सिंह, पिता–वासदेव सिंह अंश समान,जाति–राजपूत, निवासी–रजवार पत्रालय बालूमाथ। | लाल मोहन सिंह, मानकी सिंह वो कालेश्वर सिंह वो वागेश्वर सिंह, पिता–वासदेव सिंह अंश समान,जाति–राजपूत, निवासी–रजवार पत्रालय बालूमाथ। | उत्तर– नहर दक्षिण– रामवृक्ष सिंह |
| 265 | रेंची चादर –II | 94 | 419 | धान दो | 0.36 | 0.36 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– जगवा उरांव दक्षिण– नेमा महतो |
| 266 | रेंची चादर –II | 94 | 634 | टांड दो नई परती एक साल | 4.63 | 4.63 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– मंगला उरांव |
| 267 | रेंची चादर –II | 94 | 739 | टांड दो | 1.95 | 1.95 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– निज दक्षिण– बांध |
| 268 | रेंची चादर –II | 94 | 749 | मकान मय शहन | 0.08 | 0.08 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– दक्षिण– |
| 269 | रेंची चादर –II | 94 | 750 | टांड दो | 1.16 | 1.16 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– रास्ता दक्षिण– निज |
| 270 | रेंची चादर –II | 94 | 752 | टांड दो | 0.23 | 0.23 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– नाला दक्षिण– निज |
| 271 | रेंची चादर –II | 94 | 831 | धान दो | 0.64 | 0.64 | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | लाला उरांव, पिता–बुधू उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला डुमर टोला। | उत्तर– रामवृक्ष सिंह दक्षिण– पुरानी परती |
| 272 | रेंची चादर –II | 97 | 445 | धान एक | 1.63 | 1.63 | शनिया उरांव वो सुनु उरांव, पिता–सोमरा उरांव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग। व देवलाल, पिता–चन्दु उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग। व जोगना उरांव, पिता–मुनु एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग। | शनिया उरांव वो सुनु उरांव, पिता–सोमरा उरांव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग। व देवलाल, पिता–चन्दु उरांव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग। व जोगना उरांव, पिता–मुनु एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शांसग। | उत्तर– मोटाआर दक्षिण– शांति देवी |
| 273 | रेंची चादर –II | 99 | 394 | धान दो | 1.20 | 1.20 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | पार्वती देवी, पति–रामशीश तिवारी, प्रभावती देवी, पति–सुरेश पांडे, जाति–ब्राह्मण | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– निज |
| 274 | रेंची चादर –II | 99 | 415 | धान दो | 1.23 | 1.23 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– वापुलाल उरांव दक्षिण– निज |
| 275 | रेंची चादर –II | 99 | 439 | टांड दो | 1.28 | 1.28 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– पईन दक्षिण– बंधन उरांव |
| 276 | रेंची चादर –II | 99 | 440 | धान एक | 0.50 | 0.50 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– शनिया उरांव दक्षिण– बंधना उरांव |
| 277 | रेंची चादर –II | 99 | 441 | धान एक | 1.10 | 1.10 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– निज दक्षिण– बंधना उरांव |
| 278 | रेंची चादर –II | 99 | 444 | धान एक | 1.00 | 1.00 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– शनिया दक्षिण– वुठा |
| 279 | रेंची चादर –II | 99 | 611 | टांड दो नई परती एक साल | 0.12 | 0.12 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– पुरानी परती |
| 280 | रेंची चादर –II | 99 | 618 | टांड दो | 0.63 | 0.63 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– नाला |
| 281 | रेंची चादर –II | 99 | 694 | टांड दो | 0.37 | 0.37 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | सुरेश ठाकुर, पिता–हरखू ठाकुर, जाति–ठाकुर | उत्तर– बगीचा दक्षिण– नहर |
| 282 | रेंची चादर –II | 99 | 734 | टांड दो | 1.23 | 1.23 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | गायत्री देवी, पति–अजित प्रसाद साहु, जाति–सूँड़ी, पार्वती देवी, पति–रामशीश तिवारी, जाति–ब्राह्मण, प्रभावती देवी, पति–सुरेश पाण्डेय,जाति–ब्राह्मण, आरती देवी, पति–तिलक ठाकुर, जाति–हजाम (2/31), कौशल्या देवी, पति–विजय प्रसाद साहु, जाति'–सौंदिक (2/34) | उत्तर– बांध दक्षिण– नहर |
| 283 | रेंची चादर –II | 99 | 737 | धान दो | 0.15 | 0.15 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– बांध दक्षिण– नहर |
| 284 | रेंची चादर –II | 99 | 754 | टांड दो नई परती | 1.70 | 1.70 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | मो0 देव जानी देवी, पति–स्वर्गीय दशरथ सिंह, जाति–देशवारी | उत्तर– रास्ता दक्षिण– सुखदेव ठाकुर |
| 285 | रेंची चादर –II | 99 | 782 | टांड दो | 0.11 | 0.11 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– वैजनाथ साह दक्षिण– निज |
| 286 | रेंची चादर –II | 99 | 786 | धान एक | 0.05 | 0.05 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– रास्ता दक्षिण– निज |
| 287 | रेंची चादर –II | 99 | 787 | मकान मय शहन | 0.07 | 0.07 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– दक्षिण– |
| 288 | रेंची चादर –II | 99 | 788 | टांड एक | 0.67 | 0.67 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 289 | रेंची चादर –II | 99 | 789 | कुंआ | 0.07 | 0.07 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– दक्षिण– |
| 290 | रेंची चादर –II | 99 | 790 | टांड दो | 0.07 | 0.07 | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | शांति देवी, पति–द्वारिका प्रसाद, जाति–बेलदान, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | उत्तर– जगदेव सिंह दक्षिण– निज |

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR 338787 Land Reforms(24-25)D

संपादकीय

# भारत के वैचारिक शत्रु और नई पहचान

कभी भारत को संपरों और भिखमंगों का देश प्रचारित किया गया था और आज भी इसकी बुराइयां ढूंढने वाले इसे हिंसक और भेदभाव भरा देश साबित करने करने पर तुले हैं ।वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। इस प्रक्रिया ने अभी कुछ और रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से भारतीयों के साथ इसके मित्रों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं, जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में 'शुभ लाभ' की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे 'शुद्ध लाभ' की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से 'शून्य लाभ' के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। ऐमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

> **विमर्श के माध्यम से भारतीयों के साथ इसके मित्रों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है।**

# जिद और जुनून से बदलती है दुनिया




मुकुंद

बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं।

तारीख-15 अगस्त, 2021। स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं।

यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।

इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है - चरैवेति चरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है। वह चाहे अमेरिका हो, जापान हो या फिर दक्षिण कोरिया और चीन। सभी ने मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की मदद से ही सिर्फ एक ही पीढ़ी के दौरान विकास की सर्वाधिक रफ्तार हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है।

भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है। मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। शहरी और औद्योगिक केंद्रों के विकास में मदद मिलेगी तो लोगों की कमाई बढ़ेगी। केंद्र और राज्य सरकारों की कमाई में भी इजाफा होगा। सरकारों की कमाई बढ़ेगी, तो वे विकास और खुशहाली बढ़ाने के लिए ज्यादा काम करेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि नेशनल मास्टर प्लान गति शक्ति करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। तीन साल की उपलब्धियों से कहा जा सकता है कि पीएम गति शक्ति ने विभागीय बंधन तोड़े। आज यह योजना आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली प्रमुख दीर्घकालीन योजनाओं में से एक है। आज यह आवश्यक है कि इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाया जाए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो



कुलभूषण उपमन्यु

शा सोनम वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं, उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति- रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है, यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

# लाइक-कमेंट की चाह में मंडराती मौत की रील



डॉ. सत्यवान सौरभ

आज का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरूआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं। लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना। रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**अतीत के अविवेकता से किए गए कर्मों से दुखी क्यों रहते हो? उनकी स्मृति को मन से निकाल दें, और ध्यान रखें कि उनकी पुनरावृत्ति न हो। आप किए गए गलत कार्यों पर चिंतित हो सकते हैं, परंतु ईश्वर नहीं। जो बीत गया, सो बीत गया।**


# पूर्व बुरे कर्मों के प्रति सही दृष्टिकोण



श्री श्री परमहंस योगानंद

पुराने किए गए सभी गलत कर्मों का चिन्तन करना छोड़ दें। वे अब आपके नहीं हैं। उन्हें भुला दें। यह चिन्तन ही है जो आदत और स्मृति बनाता है। आप जैसे ही ग्रामोफोन के रिकॉर्ड पर सूई रखते हैं, वह बजना शुरू हो जाता है। चिन्तन वह सूई है जो अतीत के कर्मों का रिकॉर्ड बजाती है। इसलिए आपको बुरे कर्मों पर एकाग्र नहीं होना चाहिए। अतीत के अविवेकता से किए गए कर्मों से दुःखी क्यों रहते हो? उनकी स्मृति को मन से निकाल दें, और ध्यान रखें कि उनकी पुनरावृत्ति न हो। आप किए गए गलत कार्यों पर चिन्तित हो सकते हैं, परन्तु ईश्वर नहीं। जो बीत गया सो बीत गया। आप उनकी सन्तान हैं, और आपने जो भी गलतियाँ की हैं वे इसलिए हुई थी कि आप उन्हें (ईश्वर को) नहीं जानते थे। अज्ञानता के प्रभाव में किए गए गलत कार्यों की बुराई को वे आपके विरूद्ध बनाए नहीं रखते। वे केवल इतना ही कहते हैं आप अपने गलत कार्यों की पुनरावृत्ति न करें। वे केवल यही जानना चाहते हैं कि आप अच्छा बनने के अपने इरादे के प्रति सच्चे हैं या नहीं। अतीत को भूल जाओ (श्रीयुक्तेश्वरजी ने कहा)। सभी लोगों के बीते हुए जीवन अनेक लज्जाओं से कलुषित हैं। मनुष्य का आचरण तब तक सदा अविश्वसनीय है जब तक कि वह ईश्वर में स्थिर न हो जाए। भविष्य में सब कुछ सुधर जाएगा यदि आप अभी आध्यात्मिक प्रयास कर रहे हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**भुजा उठा कर प्रण किया था जब तुमने राम!**
**कलियुग तक बढ़ जायगा, किसे पता था काम!!**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

देश की बात

# मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



संजय गोस्वामी

डॉ कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे। एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानी ैस्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, त्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे। उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था। कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए 'व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरूआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था। वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई एम कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही। इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई। जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### टंडवा में मध्याह्न भोजन योजना पर छाया संकट

**टंडवा (चतरा)।** पिछले लगभग दो महीने पूर्व 165 विद्यालयों में गठित हुए विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने से विद्यार्थियों के लिए संचालित मध्याह्न भोजन की योजना ठप होने के कगार पर है। बताया जाता है कि विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने अपने क्रेडिट पर उधार खाते से भोजन सामग्रियों का क्रय जैसे- तैसे कर अबतक संचालित करते रहे हैं। कई दुकानदार अब उधार देना बंद कर दिया है। ऐसी स्थितियों में पड़ताल के दौरान कई हेडमास्टर कुछ भी बताने से साफ परहेज करते रहे।

### नए बीडीओ ने लिया प्रभार

**गारू।** गारू प्रखंड में नए बीडीओ अभय कुमार ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व बीडीओ संतोष बैठा से औपचारिक रूप से प्रभार लेते हुए प्रखंड के विकास को गति देने का संकल्प जताया। अभय कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रखंड के हर गांव और परिवार तक सरकार की योजनाओं को सही ढंग से पहुंचाना होगा, ताकि ग्रामीणों को अधिकतम लाभ मिल सके। नए बीडीओ ने विशेष रूप से राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित वृद्धा पेंशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं को गरीब और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा समेत प्रखंड के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने नए बीडीओ का स्वागत किया।

### एसपीएल क्लब शिबला का टूर्नामेंट 15 से

**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत स्थित देवी मंडप के समीप खेल मैदान में एसपीएल क्लब शिबला द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी टूर्नामेंट के उपाध्यक्ष मो. मकसूद खान ने दी। उन्होंने बताया कि शिबला में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से मैच प्रारंभ होगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 899 रुपया कमेटी द्वारा निर्धारित किया गया है। प्रथम पुरस्कार दो बड़ा खस्सी, द्वितीय पुरुस्कार एक बड़ा खस्सी एवं तृतीय पुरुस्कार शिल्ड देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में 12 टीम ही भाग लेंगी। सभी मैच 12-12 ओवर खेला जायेगा। मो. मकसूद खान ने अधिक सें अधिक क्रिकेट खिलाड़ियों टूर्नामेंट में भाग लेने की अपील की है।

### नए बीडीओ का स्वागत किया

**हेरहंज।** प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित नए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसवाल पूर्व सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल, कैलाश कुमार ठाकुर, तासु पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव, विजय प्रसाद ने औपचारिक मुलाकात की। बीडीओ को प्रभार ग्रहण करने पर शुभाकानाएं दी। सभी ने अंगवस्त्र देकर प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्वागत किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया की समस्या किसी भी समस्याओं का समाधान करने का उनका प्रयास होगा। ग्रामीण कार्यालय में पहुंच कर अपनी समस्याओं को रखें, समाधान किया जायेगा। मौके पर रतनलाल जायसवाल,चंदन कुमार समेत पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

### नए बीडीओ ने योगदान दिया

**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में 14वें बीडियो के रूप में साकेत कुमार सिन्हा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। बीडीओ ने कार्यालय में उपस्थित कर्मियों से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया। योगदान देने के बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों का ससमय निष्पादन करना,जन समस्याओं का शीघ्र समाधान करना एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जरूरतमंद आम लोगों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में सभी विकास कार्यों को गति दी जायेगी, ताकी प्रखंड में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक आम लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो।

# विधानसभा चुनाव 2024 : ईवीएम डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण, समय पर पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच का निर्देश

**उपायुक्त ने वाहन कोषांग में सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की, कार्रवाई का दिया संकेत**



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी के तहत, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने ईवीएम डिस्पैच सेंटर और वाहन कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी पोलिंग पार्टियों को समय पर डिस्पैच करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में पार्टी नंबर के साथ-साथ बूथ नंबर और वाहन संख्या को अंकित करने का आदेश दिया। इसके अलावा, उन्होंने रिप्लेसमेंट काउंटर बनाने और वहां चार कंप्यूटर ऑपरेटरों को नियुक्त करने की बात कही। सभी पोलिंग अधिकारियों की सहायता के लिए अलग-अलग काउंटर भी बनाए जाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो पोलिंग पार्टियां समय पर डिस्पैच सेंटर नहीं पहुंचेंगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने मतदान सामग्री के कलेक्शन के लिए सात टेबल लगाने का निर्देश भी दिया।

वाहन कोषांग के निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने हर वाहन में सीरियल नंबर और बूथ नंबर अंकित करने की बात कही। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि वाहन कोषांग में पीने के पानी और शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध हों।

इस अवसर पर उपविकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक परवीन गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहर, जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहर, उपनिर्वाचन पदाधिकारी लातेहर, और जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार समेत अन्य जिले के अधिकारी मौजूद थे।

### सरजामातु में लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर कमेटी गठित, सतीश बने अध्यक्ष

**कुन्दा (चतरा)।** सरजामातु में लक्ष्मी पूजा मनाने को लेकर विमलेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सतीश कुमार यादव को अध्यक्ष, मनोज यादव को सचिव और बुद्धदेव कुमार भोक्ता को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। ज्ञात हो कि ड्रीम युवा क्लब पिछले सात वर्षों से शांतिपूर्ण तरीके से लक्ष्मी पूजा आयोजित करते आ रहा है। अध्यक्ष ने इस बार भी माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने की बात कही है। लक्ष्मी पूजा को लेकर आयोजित बैठक में रूपेश कुमार, शनिदेवल कुमार, रजनीश रंजन, राकेश कुमार यादव, बिमलेश कुमार यादव, पंकज यादव, अवधेश यादव, किशोर महतो, प्रकाश भारती, विकाश गंझू, दीपक यादव, महेंद्र गंझू, चन्दन कुमार, राहुल कुमार यादव, नगीना कुमार गंझू, ललेश कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, अमिन्द्र भोक्ता, विनय कुमार यादव, सुरेंद्र यादव, छठन भारती सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आदिवासी युवती के साथ गैंगरेप, आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**महुआडांड़।** लातेहार जिले के महुआडांड थाना क्षेत्र में एक आदिवासी युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को महुआडांड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक आदिवासी युवती महुआडांड बाजार आयी थी। इस दौरान घर लौटने के क्रम में चार युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और पीड़िता को धमकी देकर वहां से भाग गए। घर पहुंचने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की।

घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर दो घंटे के अंदर घटना में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता द्वारा बताए गए घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पीड़ित युवती को मेडिकल जांच के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। बताया जाता है कि सामूहिक गैंगरेप में शामिल सभी आरोपी महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय के रहने वाले हैं।

### पिस्टल व चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**चतरा।** टंडवा पुलिस ने दो दिनों पूर्व हुई लूट कांड का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने मामले में शामिल एक लुटेर को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कामता गांव निवासी पंकज दास का नाम शामिल हैं।

इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरे की निशानी पर लूटे गए एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल फोन सहित एक पिस्टल एवं दो चक्र गोली को बरामद किया है। गिरफ्तार पंकज ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के हरदाहि जंगल के समीप से अर्जुन गंझू नामक व्यक्ति से हथियार के बल पर मोटरसाईकिल की लुट की थी। इस दौरान पुलिस ने लुट से जुड़े एक अन्य मामले का भी उद्वेदन किया है। जिसमें भी अरविंद प्रजापति नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल अरविंद शहीद चौक में मोबाईल दुकान का संचालन करता है। जहां से लुट और चोरी के मोबाइल का लॉक तोड़कर एवं अन्य जरूरी साक्ष्यो को मिटाकर लोगों के बीच बेचने का काम करता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा के लिए चतरा जेल भेज दिया है।

# भुइयां समाज को जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ वोट बैंक समझा है : विजय



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम हेरनहोपा में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विजय भुइयां की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पूनम देवी ने किया। बैठक में मुख्य रूप सें भुइयां समाज को एकता और नशामुक्ति तथा शिक्षा को लेकर विशेष रूप सें चर्चा की गई। समाज को संबोधित करते हुए विजय भुइयां ने कहा कि भुइयां समाज पर जुलम अत्याचार की जा रही है, लेकिन समाज में बिलकुल एकता नहीं है। भुइयां समाज को किसी भी जनप्रतिनिधि ने आज तक सिर्फ वोट बैंक समझा है, और प्रलोभन देकर गुमराह किया है। इस लिए हमारे समाज को शिक्षित एवं संगठित तथा नाशमुक्त होने की जरूरत है। मौके पर ललिता देवी, लाल देवी, सरिता देवी, कुंती देवी, पूनम देवी, सती देवी, रानी देवी, सोहरी देवी, कलवाती देवी, फुलिया देवी, मुंदरी देवी, आशा देवी, सहित काफी संख्या मे भुइयाँ समाज के लोग उपस्थित थे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाए प्रमुख



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रमुख ममता देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक में विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के साथ बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभाग वार चल रहे कार्यों का समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उप प्रमुख कामेश्वर राम ने अस्पताल के व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने अस्पताल के रख-रखाव और व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। प्रमुख ने सरकार द्वारा चल रही विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और प्रखंड व अंचल कार्यालय में बेहतर व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया, जिससे आमलोगों को सहूलियत हो। हाई स्कूल जमीन की अवैध कब्जा पर स्वतः जांच कर उसका निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुपस्थित होने पर उप प्रमुख ने नाराजगी जाहिर की। पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान ने अंचल कर्मचारियों को बिचौलियों के माध्यम छोड़ सीधे ग्रामीण से जुड़कर उनकी समस्या का समाधान करने का सुझाव दिया। मौके पर कई विभागों में चल रही योजनाओं पर उपलब्धि की भी डाटा उपलब्ध कराया। बैठक में उपप्रमुख कामेश्वर राम, सीओ विजय कुमार, बीडिओ सोमा उरांव, थाना प्रभारी विक्रान्त कुमार उपाध्याय, रामदेव साव, बड़ा बाबू राजीव रंजन, सीआई अनिल कुमार, अबुवा आवास आशीष केसरी, पशुपालन विभाग के डॉ. नीलिमा तिर्की, कृषी पदाधिकारी मनीष पांडेय, अरविंद प्रसाद, सुमित सिन्हा, रीना कुमारी, बीपीओ मो. मुजफ्फर कमाल, बीटीएम मो. शमीम, हाई स्कूल टीचर पंकज सिंह, जेएसपीएलएस ओमप्रकाश कुमार, राजन यादव, वकील उरांव,शशिभूषण,पंचायत समिति सदस्य पिन्टू नायक,राज कुमारी देवी, ममता देवी, पूर्व पंचायत समिति साहेंद्र राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# कलाकारों को किया गया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सार्वजनिक नव युवक विकास संघ के कलाकारों को रविवार की देर शाम एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। बताया गया की दुर्गा पूजा महोत्सव में संघ के कलाकारों द्वारा बेहतर नौटंकी का प्रदर्शन किया गया था। जिस पर संघ के सदस्यों ने कलाकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। और रविवार को गिद्धौ में विजय दांगी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित की गई। इसके पश्चात कलाकारों को मेडल पहना कर व भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। समान समारोह के बाद कलाकारों ने वन भोज का भी आनंद उठाया। मौके पर डायरेक्टर जितेंद्र कुमार जीतू, संघ के अध्यक्ष कपिल कुमार,सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण दागी पूर्व मुखिया राजेश कुमार दांगी,शिक्षक पोखन राम, बबलू कुमार साव यदुनंदन पांडेय,सुनील राम,परमेश्वर दांगी,प्रयाग दांगी, कमलेश दांगी,संतोष दास,शंकर साव कार्तिक राणा आकाश कुमार राजेश कुमार विकास कुमार आमिर दागी विनय कुमार नीतीश कुमार मंटू कुमार संदीप कुमार दीपक कुमार गेंदालाल कुमार सहित थे।

### सम्मान समारोह आयोजित कर कलाकारों को किया गया सम्मानित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के गंगापुर में दुर्गा पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन भाजपा नेता सह समाज सेवी सत्येंद्र कुमार दांगी ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात दुर्गा पूजा समित की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह में दुर्गा पूजा के पावन पर्व को सफल संचालन और बेहतर कार्य तथा भरपूर सहयोग करने वाले सहपाठियों को सॉल व गमछा देकर सम्मानित किया गया साथ ही नवरात्र के नौ दिनों तक बच्चे और बच्चियों के द्वारा एक से बढ़कर एक कला प्रस्तुत किया गया। जिसके लिए बच्चों को भी कॉपी व पेन देकर सम्मानित किया गया। भक्ति जागरण में कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गाने प्रस्तुत किए गए। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,युवा समाजसेवी प्रणेश कुमार गुप्ता,नोमम साव,पूर्व सरपंच त्रिलोकी साव, अशोक कुमार गुप्ता, इंद्रदेव साव, बिष्णु साव, केशव कुमार गुप्ता,राजेंद्र साव,हेमन यादव, प्रमोद यादव,संगीता देवी,कमलेश कुमार दांगी सहित काफी संख्या में महिला व पुरूष उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# पोशाक, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन व अन्य योजनाओं का लाभ देने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में ई विद्या वाहिनी में उपस्थिति बनाने का शिक्षकों को निर्देश दिया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक , छात्रवृति, मध्याह्न भोजन संबंधित समीक्षा कर जिला स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। विद्यालय में अध्यनरत छात्रों का भी ई विद्यावाहिनी एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने को कहा। पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरंतर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय व पीने का पानी समेत विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, 30 अक्टूबर तक एकाउंट आधार ओपनिंग का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर नियमित मॉनिटरिंग करने, शिक्षा की गुणवत्ता को अधिक बेहतर करने, शत प्रतिशत बच्चों को ससमय राशन व योग्य बच्चों को ससमय छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के माध्यम से खाता में भेजने का निर्देश दिया। साथ ही स्कूलों में बच्चों का ड्रेस, पानी, शौचालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षकों के पदास्थापना, आय-व्यय प्रतिवेदन, आवंटन ,कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन ,संबंधित अन्य विषयों पर जानकारी प्राप्त की गई। उपायुक्त ने पोशाक वितरण, मध्यान भोजन,ऑनलाइन बुक डिस्ट्रीब्यूशन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# नम आंखों से दी गई मां दुर्गा की विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में विजयादशमी का त्योहार शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर मयूरहंड, सोकी, पथरा व ढोढी मंधैनिया दुर्गा मंदिर व पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना श्रद्धालुओं व आयोजकों ने भक्तिभाव के साथ पूरी की। विजयादशमी के अवसर पर इन स्थानों पर भव्य मेला का भी आयोजन किया गया। मेला के दौरान लोगों में काफी खुशी देखी गई। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों में आज भी मिट्टी के खिलौनों का क्रेज कायम है। मेले में दर्जनों की संख्या में मिट्टी से निर्मित खिलौनों के साथ अन्य सामान की दुकानें लगती है। दुकान पर मिट्टी की चिड़िया, बकरी, घोड़ा, हाथी सहित दीप, धूपदानी, कलश आदि की बिक्री खूब होती है। समय के साथ मिट्टी के खिलौना सहित अन्य सामग्री के रुप रंग में परिवर्तन हुआ है।अब मिट्टी से निर्मित सामग्री को आकर्षक ढंग से रंग रोगन कर बिक्री की जाती है। प्रखंड क्षेत्र के कई मंदिर व पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा को भक्तों ने नम आखों से विदाई दी। बाजे व जुलूस के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया। प्रखंड क्षेत्र के ढोढी मंधैनिया व सोकी दुर्गा पूजा समिति द्वारा सोमवार को मां दुर्गा का प्रतिमा विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदुर अर्पण कर एक दूसरे को सिंदुर लगा कर सुख शांति की कामना की।

### चंदवा से यूपी होते दिल्ली तक बस सेवा शुरू

**चंदवा।** स्थानीय जिला परिषद बस पड़ाव में सोमवार को वातानुकूलित बस सेवा का उदघाटन किया गया। चतरा संसदीय क्षेत्र वासियों को अब उत्तर प्रदेश के कई शहरों समेत दिल्ली तक की सफर वातानुकूलित 2/2 बस के माध्यम से करने को मिलेगी। जिसकी शुरूआत सोमवार दोपहर 11 बजे चंदवा शहर स्थित जिला परिषद बस पड़ाव से की गई। युवा समाजसेवी रवि राज ने फीता काटकर बस सेवा की शुरूआत की। बस सेवा का उद्घाटन करते हुए रविराज ने कहा कि चंदवा जैसे छोटे जगह से मेट्रो सिटी के लिए बस सेवा का शुरू होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब तक सिर्फ यहां से बड़े शहरों के लिए ट्रेन ही एक मात्र साधन था। बस सेवा शुरू होने से आम लोगों को लाभ मिलेगा। बस सेवा की देख रेख करने वाले बबलू खान ने बताया कि सिमरन ट्रेवल्स बस प्रतिदिन सुबह 11 बजे टोरी जंक्शन से खुलेगी जो बालूमाथ,बगरा,चतरा,हंटरगंज होते बनारस,इलाहाबाद,कानपुर, आगरा,नोएडा व दिल्ली तक जाएगी। उक्त वातानुकूलित बस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र वासियों को काफी सहूलियत होगी। मौके पर मो आरिफ,बबलू खान,मो जुल्फान,रवि रजक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को समाने लाना मकसद : प्रकाश राम

**चंदवा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन**



**चंदवा।** प्रकाश राम ग्रामीण प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का मुकाबला चंदवा के खेल स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। दशहरा के बाद सोमवार को पूर्व विधायक प्रकाश राम ने लातेहार विधानसभा अंतर्गत चंदवा और लातेहार प्रखंड के कुल 108 टीमों के बीच फुटबॉल और जर्सी का वितरण किया।

इस अवसर पर, पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाना है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल खेल के माध्यम से आपसी सद्भावना बढ़ती है, और खिलाड़ी मानसिक एवं शारीरिक रूप से दक्ष होते हैं। प्रकाश राम ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान और प्रखंडों में एक बेहतर स्टेडियम बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंतिम 6 टीमों को झारखंड के किसी भी जिले में खेलने जाने के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। भाजपा नेता राजकुमार पाठक ने युवाओं से अपील की कि वे अपने बेहतर भविष्य के लिए सच्चे और अच्छे जनप्रतिनिधियों का साथ दें। इस विधानसभा स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 301 टीमों ने भाग लिया है, और सभी मैच दो फुटबॉल ग्राउंड, बालूमाथ और चंदवा के खेल स्टेडियम में हो रहे हैं। मंच संचालन इरशाद मुन्ना कर रहे थे, और सफल टूर्नामेंट के आयोजन में सुमित उरांव, कमलेश उरांव, संदीप लोहरा, राजकुमार उरांव, संदीप कुमार, नासिर, पुरुषोत्तम उरांव, शिबू उरांव, मनेजर उरांव समेत कई लोग पूरी तन्मयता से जुड़े हुए हैं। मौके पर आदर्श रविराज, सेठी सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन सूचना**

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना, भारत सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन ज्ञापांक–217/जि0बा0सं0, दिनांक 04.09.2024 को रद्द करते हुए पुनः नियुक्ति विज्ञापन प्रकाशित की जाती है। नियुक्ति प्रक्रिया केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना मार्गदर्शिका के आलोक में निर्गत विभागीय संकल्प संख्या–860, दिनांक 31.03.2023, नियुक्ति सेवा शर्त नियमावली–2016 संकल्प संख्या–1835, राँची, दिनांक 20.07.2016 तथा सहायक–सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (CWC & JJB) एवं ऑउटरीच कार्यक्रर्ता के पद हेतु अधिसूचना संख्या–3761, राँची, दिनांक 14.09.2017 के आधार पर नियुक्ति किया जाना है। इच्छुक एवं अहर्ताधारी अभ्यर्थी को मिशन वात्सल्य योजना के तहत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 09.11.2024 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन हेतु प्रपत्र एवं नियुक्ति की विस्तृत जानकारी जिला के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
पलामू

PR 338877 Palamu(24-25)#D

## हैदराबाद के माता मंदिर पर हमला, भाजपा विधायक राजा सिंह घर पर नजरबंद



**हैदराबाद।** राजधानी के मोंडा मार्केट के पास कुम्मारिगुडा स्थित मुत्यालम्मा दुर्गा माता के मंदिर में सोमवार सुबह प्रतिमा तोड़े जाने की खबर के बाद तनाव फैल गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया लेकिन बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने स्थिति काबू में रखी। हैदराबाद के गोशामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजा सिंह को उनके घर पर ही नजरबन्द किया गया है। पुलिस के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में लगी अम्मा की मूर्ति को खंडित कर दिया। इसकी जानकारी होने पर आज सुबह बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। सीसीटीवी में आरोपित का वह फुटेज कैद हुआ है, जिसमें वह मंदिर के गेट को लात मारकर मूर्ति को नष्ट करने से पहले मंदिर के अंदर घुस रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपित की पिटाई कर दी। पुलिस ने सड़क पर डेरा जमाये लोगों को हिरासत में ले लिया। इसी क्रम में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोक-झोंक भी हुई। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने घटनास्थल का निरीक्षण और कहा कि राज्य सरकार मंदिरों को सुरक्षा प्रधान करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि कुछ ही दिनों के भीतर हैदराबाद शहर में यह चौथी घटना है।

## प. बंगाल : सरकार और डॉक्टरों की बैठक बेनतीजा 10 सूत्री मांगों पर नहीं मिला कोई आश्वासन

**कोलकाता ।** राज्य के डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव मनोज पंत के बीच सोमवार को बैठक हुई। बैठक से डॉक्टरों को निराशा हाथ लगी। स्वास्थ्य भवन में हुई इस बैठक में राज्य सरकार की ओर से 10 सूत्री मांगों पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला, जिससे डॉक्टरों में असंतोष बना हुआ है। जूनियर डॉक्टरों ने बैठक में अपने प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि देवाशीष हालदार ने कहा कि हमारे बिना इस बैठक का कोई मतलब नहीं है। हम लंबे समय से आंदोलन और अनशन कर रहे हैं लेकिन हमें बातचीत में शामिल नहीं किया गया। इस बैठक के सफल होने की उम्मीद नहीं है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने बैठक में स्वास्थ्य सचिव के इस्तीफे की मांग उठाई। सूत्रों के अनुसार बैठक में मौजूद संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सचिव की अनुपस्थिति पर आपत्ति जताई।

# बहराइच में बिगड़े हालात को काबू करने में जुटा प्रशासन

### दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाना बंद करने को कहा था

**एजेंसी। बहराइच**

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में मूर्ति विसर्जन को लेकर रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। हिंसा में मारे गए युवक के परिजन और आक्रोशित ग्रामीण लगातार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। उसी की आड़ में अराजक तत्व आगजनी की घटना और तोड़फोड़ को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, दंगा प्रभावित इलाकों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। आसपास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। क्षेत्र में पीएसी भी तैनात है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। विधायक व प्रशासन परिवार के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए मनाने में जुट हुए हैं। पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ प्रभावित इलाकों में गश्त पर हैं। महाराजगंज में महसी इलाके में रविवार की शाम को दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। डीजे की धुन पर लोग नाच गा रहे थे। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने गाने को बंद करने को कहा तो दोनों समुदाय के लोगों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट, पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस फायरिंग में एक युवक राम गोपाल मिश्रा की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद लोग और आक्रोशित हो गये और बवाल बढ़ गया। बलवाइयों ने सरकारी सम्पत्ति, दुकानों, घरों और वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। राम गोपाल का शव पंचनामा के बाद उनके घर ले जाया गया तो परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद एक बार फिर शांतिपूर्ण माहौल तनावपूर्ण हो गया। लोग लाठी—डंडा लेकर सड़क पर उतर गये। सामने जो कुछ भी दिखता, उसे आग के हवाले कर दे रहे थे। घटना का संज्ञान लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को सचिव (गृह) संजीव गुप्ता और अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश बहराइच जनपद पहुंचे। उन्होंने मोर्चा संभाला।




### अब तक 30 लोग हिरासत में : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार को महसी के महाराजगंज क्षेत्र के मुस्लिम इलाके से मूर्ति विसर्जन के लिए दुर्गा प्रतिमा ले जाई जा रही थी। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने—सामने आ गये। इसमें हिन्दू पक्ष से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई तो विभिन्न स्थानों पर मूर्ति विसर्जन को रोक दिया गया था। इसकी आड़ में अराजक तत्वों ने उपद्रव मचाया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर मूति विसर्जन करवाया। मृतक के परिजनों को आश्वासन देकर अंतिम संस्कार कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। 30 लोग हिरासत में लिये गये हैं।

## एक नजर

### उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी, हार्ट में थे ब्लॉकेज



**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री को सोमवार सुबह गिरगांव में स्थित रिलायंस हरकिशन दास अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में आज ही उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गई है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार उद्धव ठाकरे को पिछले दो दिनों से तकलीफ हो रही थी। इसी वजह से आज सुबह वे रिलायंस अस्पताल में नियमित जांच के लिए गए। अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। इसके बाद एंजियोग्राफी की रिपोर्ट ब्लाकेज होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उद्धव ठाकरे को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया और उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। अब उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उद्धव ठाकरे की इससे पहले 2012 में लीलावती अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई थी। करीब 12 साल बाद दोबारा उनकी एंजियोप्लास्टी की गई है।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली की मुख्यमंत्रीआतिशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।

### भाजपा नेता की सलमान खान से अपील 'बिश्नोई समाज से माफी मांग लें'

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से बिश्नोई समाज से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से किसी व्यक्ति की कद, प्रतिष्ठा कम नहीं होती है, बल्कि गलती को स्वीकार करने से उसका कद बढ़ता है। हरनाथ यादव ने सलमान खान से अपील की इस विवाद को समाप्त करें। हरनाथ सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''करीब 23-24 साल पहले सलमान खान एक फिल्म की शूटिंग के लिए राजस्थान गए थे। वे शिकार करने गए और एक काले हिरण को मार दिया। काले हिरण की बिश्नोई समाज में घर-घर पूजा होती है। पूरे देश में जहां-जहां बिश्नोई समाज के लोग हैं, उनके अंदर इसको लेकर आक्रोश है। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया और मामला कोर्ट में पहुंचा। निचली अदालत से सलमान खान को पांच साल की सजा हुई।

### मांगों को लेकर किसानों का 'हल्ला बोल' अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कलेक्ट्रेट में सोमवार को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोल कर दिया। सैकड़ों की संख्या में किसान सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम कार्यालय के गेट के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों का यह धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन है। इससे पहले फरवरी में भी किसानों ने दिल्ली कूच किया था। जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एक हाई पावर कमेटी का गठन कर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। किसान अब इस बात से नाराज हैं कि हाई पावर कमेटी द्वारा उनकी समस्याओं के लिए जो निराकरण का रास्ता निकाला गया था, वह सार्वजनिक किया जाना चाहिए। जो अब तक नहीं किया गया है और न ही किसानों की कोई भी मांग अब तक पूरी हुई है।

### राहुल को विदेश में दिए बयान पर माफी मांगनी चाहिए : नीरज कुमार



**पटना।** जेडीयू नेता नीरज कुमार ने सोमवार को आईएएनएस से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र दौरे के साथ ही किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी के बयानों पर प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस पर जेडीयू नेता नीरज कुमार ने कहा, राजनीतिक दलों को निश्चित रूप से एक साथ आना चाहिए और राहुल गांधी से मिलना चाहिए। उन्होंने विदेश में देश के आंतरिक मामले, आतंकवाद के मुद्दे पर जो भी राय दी है। वह उन्होंने अपने पूर्वजों राजीव गांधी और इंदिरा गांधी की परंपरा के खिलाफ दी है। हम उम्मीद करते हैं कि जब कार्यकतार्ओं से मिलेंगे तो वह माफी मांगेंगे। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी के बयान कि उन्होंने हरियाणा में कांग्रेस के लिए माहौल बनाया लेकिन पार्टी ने फायदा नहीं उठाया। इसपर नीरज कुमार ने कहा, किसान नेता का यह बयान किसान आंदोलन के लिए चिंता का विषय है। किसान आंदोलन के दौरान कई किसानों ने अपनी कुबार्नी दी। केंद्र सरकार ने पूरे मामले को देखते हुए तीन कृषि कानून वापस लिए। अब कोई यह दावा कर रहा हो कि वह किसान आंदोलन किसी दल के हित में कर रहे थे तो वह किसान आंदोलन के साथ राजनीतिक विश्वासघात था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में तीसरा आरोपित गिरफ्तार, शेष की तलाश




**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने तीसरे आरोपित प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। उसका भाई शुभम लोनकर फरार हो गया। इन दोनों पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने का पुलिस को शक है। मुंबई पुलिस प्रवीण लोनकर से पूछताछ कर रही है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, रविवार को शुब्बू लोनकर नाम के शख्स के अकाउंट से की गई पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस पोस्ट में सलमान खान और दाऊद गैंग का भी जिक्र किया गया था। इस मामले की छानबीन मुंबई पुलिस ने शुरू की तो पता चला कि यह अकाउंट शुभम लोनकर के नाम पर है और पोस्ट भी शुभम ने लिखी। शुभम लोनकर अकोला जिले के अकोट का मूल निवासी है। रविवार देररात पुलिस टीम शुभम को पकड़ने के लिए अकोट तहसील के निवारी बुद्रुक गांव में शुभम लोनकर के घर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने उसके भाई प्रवीण लोनकर का पता लगाया और उसे पुणे से गिरफ्तार कर लिया। प्रवीण लोनकर से अब तक की पूछताछ में पता चला कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर ने दो आरोपितों धर्मराज कश्यप और शिवानंद को चुना। लोनकर ने ही पुणे में आश्रय दिया।

### फास्ट ट्रैक चलाया जाएगा बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मामला : मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा। इस मामले में किसी भी हमलावर को बख्शा नहीं जाएगा। एकनाथ शिंदे ने कहा कि बाबा सिद्दीकी हमारे करीबी थे। इस मामले की छानबीन तेजी से चल रही है। तीन आरोपित पकड़े गए हैं और तीन फरार आरोपितों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एकनाथ शिंदे ने ने कहा कि इस मामले में विपक्ष दोहरा मापदंड अपना रहा है। विपक्ष ने बदलापुर मामले के आरोपित को सरेआम फांसी देने की मांग की थी लेकिन जब आरोपित एनकाउंटर में मारा गया तो विपक्ष एनकाउंटर के विरुद्ध बोलने लगा था।

# बाबा सिद्दीकी सहित बेटे जीशान को भी मारने की थी सुपारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिहार के पटना में घड़ीसाज पिता अब्दुल रहीम सिद्दीकी और राजिया सिद्दीकी के घर पैदा हुए, महाराष्ट्र में मुसलमानों व फिल्म वालों में बहुत लोकप्रिय रहे राजनेता बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी कांग्रेस छोड़कर केन्द्र शासित पार्टी भाजपा की केंद्र व महाराष्ट्र सरकार में सहयोगी पार्टी एनसीपी में गये, फिर भी उनकी हत्या हो गई। अब उनके बेटे, कांग्रेस विधायक जीशान सिद्दीकी को भी मारे जाने का डर सताने लगा है। क्योंकि उसको भी मारे जाने की धमकी वाला फोन आया था। यह बात कोई और नहीं बल्कि मुंबई पुलिस कह रही है। पुलिस का कहना है कि बाबा सिद्दीकी पर हमले से कुछ दिन पहले ही जीशान को धमकी भरे फोन आए थे। मुंबई पुलिस ने कहा कि शूटरों ने उनके सामने खुलासा किया कि उन्हें बाबा सिद्दीकी व उनके बेटे जीशान दोनों को मारने की सुपारी मिली थी। जो भी मिल जाए, सामने आ जाए, उस पर गोली चला देने लिए कहा गया था।यह भी कहा जा रहा है कि मारने की सुपारी लेने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करते हैं। हत्यारों ने बताया कि वे कई महीनों से बाबा सिद्दीकी पर नजर रख रहे थे और उनके आवास और कार्यालय की जानकारी ले रहे थे। उन्हें हत्या के लिए 50,000-50,000 रुपये दिया गया था और हत्या से कुछ दिन पहले ही उन्हें हथियार दिए गए थे। इसके पहले गुजरात की साबरमती जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई आवास के बाहर गोलीबारी कराने की बात कहा था।अब सवाल यह भी उठने लगा है कि जब तीन बार के विधायक व मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी थी, और वह भाजपा की सहयोगी पार्टी एनसीपी (अजीत पवार) में शामिल हो गये थे, राज्य में शिवसेना शिंदे गुट, भाजपा, एनसीपी अजीत पवार गुट की सरकार है, तो उनकी (बाबा सिद्दीक़ी) सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता क्यों नहीं की गई? सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं होने, खुफिया तंत्र फेल होने के कारण ही तो तीन बार विधायक रहे चुके बाबा सिद्दीकी की शनिवार शाम को मुंबई के बांद्रा ईस्ट में अपने बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी के दफ्तर से निकलते समय हत्या कर दी गई। तीनों शूटरों में से हरियाणा के रहने वाले गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के रहने वाले धर्मराज कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरा शूटर यूपी का रहने वाला शिवकुमार गौतम अभी भी फरार बताया जा रहा है।सरकार बता रही है कि बाबा सिद्दीकी को गैर-श्रेणीबद्ध सुरक्षा प्रदान की गई थी और उन्हें तीन पुलिस कांस्टेबल आवंटित किए गए थे, जो तीन शिफ्टों में काम करते थे। इस वारदात के समय बाबा सिद्दीकी के साथ पुलिसकर्मी था।

## आज का राशिफल

**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनेंगे।

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

### दिल्ली में एक जनवरी तक पटाखों पर बैन हुआ प्रभावी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गोपाल राय ने पत्र को पोस्ट करते हुए लिखा है कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन ,भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लागू। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी किया निर्देश। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी किए गए पत्र के मुताबिक वायु अधिनियम, 1981 की धारा 31 (ए) के तहत दिल्ली के एनसीटी में विनिर्माण, भंडारण, बिक्री और सभी प्रकार के "पटाखों" को फोड़ने पर प्रतिबंध लगाए जा रहा है।

## राहुल गांधी से की चुनाव के दौरान दी गई गारंटियां लागू करने की मांग

**हैदराबाद।** तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के एक गांव के लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर छह गारंटियों को तत्काल लागू करने की मांग की है। आदिलाबाद जिले के इकोडा मंडल के मुखरा के ग्रामीणों ने नेता प्रतिपक्ष को पोस्टकार्ड भेजकर उनसे पिछले वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान दी गई गारंटियों का क्रियान्वयन तुरंत शुरू करने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को पोस्टकार्ड भेजकर छह गारंटियों के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर असंतोष जताया है। ग्रामीणों ने लिखा कि कांग्रेस सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रति माह करने, प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये मासिक पेंशन देने, कल्याण लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को एक तोला सोना देने, छात्राओं को स्कूटर देने, किसानों को प्रति एकड़ 15,000 रुपये का निवेश देने और 2 लाख रुपये तक के फसल ऋण माफ करने जैसे वादों को लागू करने में विफल रही है।

# 18 से महाकाल आधा घंटा देर से करेंगे भोजन, गर्म जल से करेंगे स्नान

### प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा

**एजेंसी। उज्जैन**



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में आगामी 18 अक्टूबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में अवंतिकानाथ सुबह आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। दिनचर्या में बदलाव का यह क्रम फाल्गुन पूर्णिमा तक चलेगा। पं. महेश पुजारी ने रविवार को बताया कि महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्मी व सर्दी के क्रम में प्रत्येक छह माह में भगवान की दिनचर्या बदलती है।

वर्तमान में भगवान की दिनचर्या गर्मी के मौसम अनुसार चल रही है। भगवान ठंडे जल से स्नान कर रहे हैं, लेकिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से मंदिर में सर्दी की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन से भगवान महाकाल ठंडे के बजाय गर्म जल से स्नान करना प्रारंभ करते हैं। साथ ही आरती का समय भी बदलता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन सुबह सात बजे दद्योदक अर्थात बालभोग आरती हो रही है। इस आरती में भगवान को दही-चावल का भोग लगाया जाता है। आगामी 18 अक्टूबर से यह आरती सुबह 7.30 बजे से होगी।

इसी प्रकार वर्तमान में सुबह 10 बजे भोग आरती हो रही है। इसमें भगवान को दाल, चावल, रोटी, सब्जी, मिष्ठान का नैवेद्य लगाया जाता है। यानी भगवान सुबह 10 बजे भोजन कर रहे हैं। वहीं, 18 अक्टूबर से भोग आरती सुबह 10.30 बजे होगी। इसका आशय यह है, सर्दी में भगवान आधा घंटा देरी से भोजन करेंगे। वर्तमान में संध्या आरती शाम सात बजे की जा रही है, लेकिन 18 अक्टूबर से संध्या आरती प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से होगी, क्योंकि सर्दियों में सूर्यास्त जल्दी होने लगता है। इसके अलावा, प्रतिदिन तड़के चार बजे होने वाली भस्म आरती तथा रात 10.30 बजे होने वाली शयन आरती अपने इसी निर्धारित समय पर होगी। शाम पांच बने होने वाली संध्या पूजन का समय भी वहीं रहेगा।

# दिल्ली व गुजरात पुलिस ने पांच हजार करोड़ की कोकीन पकड़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी की तलाशी में 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई। ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। पिछली बरामदगी मिलाकर अब तक दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 1,289 किलोग्राम कोकीन और थाईलैंड की 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 13 हजार करोड़ रुपये है। इससे पहले दिल्ली में 1 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नामक व्यक्ति के गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप को जब्त किया था।

जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि बरामद ड्रग्स फार्मा सलूशन सर्विसेज नाम की कंपनी का था और यह मादक पदार्थ गुजरात के अंकलेश्वर की अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से आया था। गुजरात में यह कार्रवाई संयुक्त रूप से दिल्ली की स्पेशल सेल की यूनिट और गुजरात पुलिस की तरफ से की गई।



### 3 निदेशक समेत 5 गिरफ्तार

पांच हजार करोड़ रुपये कीमत की कोकीन जब्ती मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार देर रात कंपनी के 3 निदेशकों समेत कुल 5 लोगों को पकड़ा है। इन सभी को सोमवार सुबह कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया है। पकड़े गए कंपनी के निदेशकों में अश्विनी रामाणी, ब्रिजेश कोठिया, विजय भेसाणिया तथा दो केमिस्ट्स हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपितों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## आर्थिक विकास में चीन और अमेरिका से आगे निकल जाएगा भारतः यूएसआईएसपीएफ अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने सोमवार को दावा किया कि भारत प्रमुख आर्थिक मापदंडों में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल जाएगा। नई दिल्ली में यूएसआईएसपीएफ द्वारा आयोजित वार्षिक 'भारत नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2024' में बोलते हुए, चैंबर्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति की तेज गति की तारीफ की। चैंबर्स ने कहा, महत्वपूर्ण क्षण वह था जब राष्ट्रपति बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी ने वाशिंगटन में मुलाकात की और घोषणा की कि यह अब तक की सबसे रणनीतिक साझेदारी है। यूएसआईएसपीएफ अध्यक्ष ने कहा, जीडीपी प्रति व्यक्ति आय वृद्धि के मामले में भारत चीन से लगभग 100 प्रतिशत और अमेरिका से 33 प्रतिशत बड़ा होगा। यहां जीवन स्तर और समग्र विकास दुनिया के किसी भी अन्य देश से आगे निकल जाएगा। चैंबर्स ने जोर देते हुए कहा, 'यह भारत की सदी है।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के साथ मिलकर व्यापार, सरकार, शिक्षा जगत के लीडर्स के साथ काम करके भारत वैश्विक विकास के लिए एक मॉडल बन सकता है।

## न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी




**नई दिल्ली।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के यात्री विमान को आज बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। इस विमान को दिल्ली भेजा गया। विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर लैंड कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और जांच जारी है। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि असत्यापित जानकारी फैलाने से बचें।

# कांग्रेस भू-दान से भू-हड़प तक पहुंची

## पूरा नेतृत्व भ्रष्टाचार में लिप्त, गरीब की जमीन हड़पना शगल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जमीन आवंटन से जुड़े मामलों को लेकर निशाना साधा है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे के ऐसे ही एक मामले में जमीन वापस किए जाने को लेकर भाजपा ने आज मुद्दा बनाया है। पार्टी का कहना है कि नैतिकता के आधार पर खरगे को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद एवं पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अलग-अलग मामलों में कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, अध्यक्ष और यहां तक कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक का नाम आ रहा है। इन सभी मामलों में एक चीज समान है और वह है गरीब की जमीन हड़पना। यह वही कांग्रेस है, जो अपने आपको महात्मा गांधी से जोड़ती है, जिनके नेता विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन चलाया था। अब कांग्रेस भू-दान से भू-हड़प तक पहुंच गई है। सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाते हुए वे गैर-कानूनी संपत्ति की दुकान चला रहे हैं। कहीं भी कांग्रेस की सरकार हो, उसके नेताओं का नाम जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार से जुड़ ही जाता है।

### सीएम का नाम आया तो उसने जमीन लौटा दी अब खरगे के बेटे यही कर रहे



कनार्टक में मुख्यमंत्री का नाम आया तो उन्होंने जमीन लौटा दी और अब कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे का नाम सामने आया तो उन्होंने जमीन लौटा दी। हालांकि अब जमीन लौटाने भर से काम नहीं चलेगा, इस्तीफा भी देना होगा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कोई चोर पकड़ा जाए और वह चोरी का सामान लौटा दे तो क्या उस पर से चोरी का आरोप हट जाएगा, उसे कोई सजा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खरगे ने कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड की 5 एकड़ जमीन लौटा दी है। इससे पहले एक अन्य मामले में भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी ने जमीन लौटाई थी।

## कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त व राजनयिकों को जांच के दायरे में लाने पर भारत हुआ सख्त

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों को एक मामले में जांच से जोड़े जाने पर बेहद कड़ा रूख अपनाया है। इसके लिए सीधे तौर पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर जिम्मेदार ठहराते हुए भारत ने चेतावनी दी है कि उसके पास इस मामले में आगे कदम उठाने के पूरे अधिकार हैं। कनाडा ने राजनयिक माध्यम से भारत को कल जानकारी दी थी कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उनके देश में एक जांच से संबंधित मामले में रुचि के व्यक्ति हैं। इस पर सोमवार को करारा जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री लगातार भारत पर उसके नागरिक खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले पर आरोप लगा रहे हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत की ओर से कई अनुरोधों के बावजूद, कनाडाई सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री ट्रूडो की भारत के प्रति शत्रुता लंबे समय से साक्ष्य में है। उनकी हरकतों से पता चलता है कि यह उनकी जांच के बहाने राजनीतिक लाभ के लिए भारत पर कीचड़ उछालने की एक सोची-समझी रणनीति है।

## भारत ने पाकिस्तान को चीन से हथियार सहायता मिलने पर जताई गहरी चिंता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने पाकिस्तान को चीन से उपकरण और हथियार सहायता मिलने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और हमारे राष्ट्रीय समुद्री हितों से समझौता न होने पाए, इसके लिए हमने एक रणनीति बनाई है। पड़ोसी चीन की बढ़ती नौसेना के बारे में उन्होंने कहा कि यह संख्या बल के मामले में सबसे बड़ी नौसेना बन गई है। हिन्द महासागर में बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर हम चीनी नौसेना पर भी नजर रख रहे हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने सोमवार को चेन्नई से करीब 40 किलोमीटर दूर लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के कट्टुपल्ली शिपयार्ड में बहुउद्देशीय सपोर्ट शिप 'समर्थक' को लॉन्च किया। यह पहला ऐसा जहाज है, जिसे रक्षा और सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह युद्ध और निगरानी में ड्रोन तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के लिए एक समाधान है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इन बहुउद्देशीय जहाजों से नौसेना के शस्त्रागार की क्षमता बढ़ेगी। ये जहाज लगभग 3,600 टन के हैं और इनका इस्तेमाल कई गतिविधियों के लिए किया जाएगा, जिसमें स्वदेशी हथियारों, सेंसर और उपकरणों का परीक्षण शामिल होगा।

## बांग्लादेश में देवी काली के मुकुट की चोरी में मंदिर के मुख्य पुजारी और कर्मचारी पर शक

एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी, 2021 को मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान मुकुट उपहार के रूप में दिया था।

**ढाका।** बांग्लादेश में देवी काली के सोने का मुकुट चोरी होने के मामले में मुख्य पुजारी और मंदिर के कर्मचारी शक के घेरे में हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया कि मामले की जांच जारी है और अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोमवार दोपहर एक बयान में कहा, 10 अक्टूबर 2024 को दक्षिणी बांग्लादेश के सतखीरा जिले में जेशोरेश्वरी काली मंदिर में एक स्वर्ण मुकुट की चोरी के मामले में यह सामने आया कि मुख्य पुजारी ने दोपहर 2.30 बजे तक अपने नियमित पूजा अनुष्ठान किए थे, उस वक्त तक मुकुट मंदिर के अंदर बरकरार था। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि पुजारी और मंदिर के कर्मचारियों ने इतनी कीमती संपत्ति को बिना सुरक्षा के क्यों छोड़ दिया।

चोरी के मामले में चार व्यक्तियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी, 2021 को मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान मुकुट उपहार के रूप में दिया था। शनिवार को भारत ने मुकुट की चोरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। नई दिल्ली ने ढाका में अंतरिम सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

## एजुकेशन/करियर

बीए सांख्यिकी एक तीन साल का ग्रेजुएशन प्रोग्राम है जो कैटेगरीकल और न्यूमेरिकल डाटा एकत्र करने, ऑर्गेनाइजेशन, एनालिसिस, इंटरप्रिटेशन और प्रेजेंटेशन के अध्ययन पर केंद्रित है। दूसरे शब्दों में, बीए सांख्यिकी अप्लाइड मैथमेटिक्स का एक डिसिप्लिन है जिसका उपयोग रिसर्च, सर्वे डाटा और बिजनेस डाटा से उपयोगी जानकारी निकालने के लिए किया जाता है।

# बीए सांख्यिकी कर बना सकते हैं करियर

### बीए सांख्यिकी के लिए स्किल्स

- मैथमेटिकल स्टैटिसटिक्स की अच्छी समझ
- डिडक्टिव रीजनिंग
- सांख्यिकीय मॉडल की अच्छी समझ होनी चाहिए।
- जल्दी सोचने में सक्षम होना चाहिए।
- एक साधारण चर्चा करने में सक्षम हों।


### बीए सांख्यिकी का सिलेबस

- स्टैटिसटिकल मैथर्ड
- डिजाइन ऑफ एक्सपेरिमेंट
- इंट्रोडक्शन टू लिनियर अलजेब्रा
- ऑपरेशन रिसर्च
- प्रोबेबिलिटी थ्योरी
- पैरामेट्रिक एंड नॉन्पैरामेट्रिक टेस्ट
- डिफरेंशियल इक्वेशन
- स्टैटिसटिकल कंट्रोल
- कैलकुलेशन
- अप्लाइड स्टैटिसटिक्स
- कंप्यूटर प्रैक्टिकल
- डाटा एनालिसिस
- प्राइमरी इंटरफ़ेस
- लिनियर मॉडल
- सैंपल सर्वे

### बीए सांख्यिकी को क्यों चुनें

बीए सांख्यिकी डिग्री वाले लोगों के पास काम के बहुत सारे विकल्प होते हैं क्योंकि हर जगह डेटा होने पर स्टैटिसटिशियन की आवश्यकता होती है, और प्रैक्टिकल रूप से हर कंपनी को अच्छी तरह से तैयार और ऑर्डर किए गए डेटा की आवश्यकता होती है। सांख्यिकी गणित की एक शाखा है जो श्रेणीबद्ध और संख्यात्मक डेटा वाले विषयों का अध्ययन करती है। यदि आप संख्याओं का आनंद लेते हैं और रिसर्च करते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए है। सांख्यिकी का पेशा आज के परिवेश में आकर्षक और विकास की संभावनाओं से भरा हो सकता है। अपने उद्देश्यों को स्थापित करने, एक योजना बनाने, या एक सर्विस डिजाइन करने के लिए, अधिकांश बिजनेस और सरकारें डेटा या आंकड़ों पर भरोसा करती हैं। सांख्यिकी का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जिसमें मेडिकल, मार्केटिंग, स्वास्थ्य, जीव विज्ञान, खेल, बैंकिंग आदि शामिल हैं।

**करियर स्कोप :** बीए सांख्यिकी कोर्स पूरा करने के बाद, आवेदक उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं या बीए सांख्यिकी ग्रेजुएट्स के लिए उपलब्ध नौकरी के अवसरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। फाइनेंस, डाटा सर्व एजेंसी, कॉमर्स सेंटर, इकोनॉमिक्स, इंश्योरेंस कंपनी, कंसलटिंग फरम, इंडियन सिविल सर्विसेज, बैंक, कॉमर्स सेंटर और प्लानिंग कमिशन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां छात्र अपने भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।



### भारत में टॉप कॉलेज

- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, न्यू दिल्ली
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु
- इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टिट्यूट, कोलकाता
- जेवियर्स कॉलेज, अहमदाबाद
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, न्यू दिल्ली
- **देवी अहिल्या विश्वविद्यालय:** स्कूल ऑफ स्टेटिस्टिक्स, इंदौर
- **अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी:** डिपार्टमेंट ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड ऑपरेशन रिसर्च, अलीगढ़
- हिंदू कॉलेज
- सेंट स्टीफंस कॉलेज
- मिरांडा हाउस
- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज
- हंसराज कॉलेज
- लोयोला कॉलेज
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी
- गार्गी कॉलेज
- रामजस कॉलेज
- बीएलडीईए आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज फॉर विमेन, बीजापुर
- सीयू शाह आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद
- आईआईएस यूनिवर्सिटी - इंटरनेशनल कॉलेज फॉर गर्ल्स - आईसीजी, जयपुर
- पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला



### विदेश में आवेदन प्रक्रिया

- आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स और यूनिवर्सिटी का चुनाव है।
- कोर्स और यूनिवर्सिटी के चुनाव के बाद उस कोर्स के लिए उस यूनिवर्सिटी की पात्रता मानदंड के बारे में रिसर्च करें।
- आवश्यक टेस्ट स्कोर और दस्तावेज एकत्र करें।
- यूनिवर्सिटी की साइट पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भरें या फिर आप लेवरेज ईडीयू एक्सपर्ट्स की भी सहायता ले सकते हैं।
- ऑफर की प्रतीक्षा करें और सिलेक्ट होने पर इंटरव्यू की तैयारी करें।
- इंटरव्यू राउंड क्लियर होने के बाद आवश्यक ट्यूशन शुल्क का भुगतान करें और स्कॉलरशिप, छात्रवीजा, एजुकेशन लोन और छात्रावास के लिए आवेदन करें।

### भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी